शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 74 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज   बुधवार 10 अप्रैल 2024   विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## चांद नहीं आया नजर, 11 अप्रैल को मनाई जाएगी ईद-उल-फित्र

**नई दिल्ली**
देश के किसी भी भाग से ईद का चांद निकलने की पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए भारत में ईद-उल-फित्र का पर्व 11 अप्रैल यानी गुरुवार के दिन मनाया जाएगा। ऐतिहासिक जामा मस्जिद में आयोजित मरकजी रूयत-ए-हिलाल कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया है। बैठक में चांद नहीं निकलने की जानकारी देते हुए कल मुसलमानों से रोजा रखने की अपील की गई है। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने कहा है कि देश के किसी भी भाग से ईद का चांद निकलने की सूचना नहीं मिली है। सभी स्थानों पर संपर्क किया गया है मगर कहीं से चांद निकलने की पुष्टि नहीं की गई है। इसलिए फैसला लिया गया है कि ईद-उल-फित्र का पर्व 11 अप्रैल गुरुवार को मनाया जाएगा। कल रमजान माह का 30 वां रोजा रखा जाएगा। शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने देशवासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा है कि ईद का पर्व रमजान के 30 रोजे रखने के बाद आता है। हमें इसको खुशी-खुशी मनाना चाहिए। अपने आस-पड़ोस के गरीबों का भी ख्याल रखना चाहिए, उन्हें भी अपनी खुशियों से शामिल करना चाहिए। शाही मस्जिद फतेहपुरी के इमाम डॉ. मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने भी ईद का चांद नहीं दिखाई देने की तस्दीक करते हुए 11 अप्रैल को ईद मनाए जाने की घोषणा की है। उन्होंने सभी को ईद की मुबारकबाद पेश की है।

## गौतम नवलखा पर सुरक्षा खर्च के 1.6 करोड़ रुपये बकाया

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने भीमा कोरेगांव मामले के नजरबंद आरोपित गौतम नवलखा से कहा है कि वे उनकी सुरक्षा पर महाराष्ट्र सरकार की ओर से खर्च किए गए 1.6 करोड़ रुपये के भुगतान से बच नहीं सकते। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि नजरबंदी के लिए याचिका आपने दायर की है, इसलिए सुरक्षा का खर्च भी आपको चुकाना होगा। कोर्ट ने गौतम नवलखा की नजरबंदी सुनवाई की अगली तिथि तक बढ़ाने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। दरअसल, एनआईए की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने गौतम नवलखा की सुरक्षा पर 1.6 करोड़ रुपये बकाया होने का दावा किया।

# ये चुनाव नए भारत का मिशन है: पीएम मोदी

## अभी जो काम हुए, वह केवल ट्रेलर है, मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ: प्रधानमंत्री



"अब जो देश आपस में लड़ रहे हैं, हल खोजने भारत आते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत की 21वीं सदी का है"

**भोपाल**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि अब तक जो विकास के कार्य किए हैं, वे तो फुलझड़ी हैं। अभी तो विकास के रॉकेट को और भी ऊंचाई पर लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में विकास के जो काम हुए हैं, वह सारे केवल ट्रेलर हैं। अभी बहुत कुछ करना है। देश को बहुत आगे लेकर जाना है। आप यानी जनता मेरी जिंदगी को बहुत अच्छे से जानती है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है, मोदी मेहनत करता है, क्योंकि उसके लक्ष्य बहुत बड़े हैं। ये देश के लिए है, देश की जनता के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान बालाघाट में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बालाघाट पहुंचने पर प्रधानमंत्री का मंच पर महिलाओं ने स्वागत किया। उन्होंने मंच से कहा, "जय श्री कोटेश्वर महादेव, जय मां काली, जय मां गढ़कालिका। आज देश के विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष मनाया जाता है। आज नवरात्रि का भी आरंभ हुआ है। मैं आप सभी को नव वर्ष की और नवरात्रि की अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं।" उन्होंने कहा कि बालाघाट की धरती भारत की नारी शक्ति के पराक्रम की साक्षी है। मैं रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई की इस धरती को प्रणाम करता हूं। आज जनता जनार्दन का जन सैलाब, ऐसा लग रहा है जैसे केसरिया सागर नजर आ रहा है। इतनी बड़ी तादाद में माताओं और बहनों का आशीर्वाद साफ दिखा रहा है कि चार जून को मध्य प्रदेश में क्या परिणाम आने वाले हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि ये चुनाव नए भारत का मिशन है। विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को साफ कर दिया। कांग्रेस चुनाव नहीं, आपस में लड़ रही है। कांग्रेस सरकार अपनी शिकायत लेकर दूसरों के पास जाती थी, अब जो देश आपस में लड़ रहे हैं, हल खोजने भारत आते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत की 21वीं सदी का है।

## भाजपा सरकार मप्र का कायाकल्प कर रही है: प्रधानमंत्री



**यह नए** भारत के निर्माण का मिशन है। यह विकसित भारत और विकसित मध्य प्रदेश के संकल्प को नई उर्जा देने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में आजादी के आंदोलन का अहंकार भरा पड़ा था। कांग्रेस कहती थी कि हम तो गरीब देश हैं, देश को आधुनिक सड़कों की एयरपोर्ट की आखिर क्या जरूरत है? कांग्रेस केवल कुछ शहरों, जहां उनके बड़े नेता रहते थे, वहां का विकास करती थी। भाजपा सरकार हर जगह को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा सरकार मप्र का कायाकल्प कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक जो काम किया है, वो केवल फुलझड़ी है। भाजपा सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए काम कर रही है। मध्य प्रदेश में 5.50 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त राशन दे रहे हैं। एमपी में 70 लाख घरों में नल से जल की व्यवस्था कर दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस किसी आदिवासी को नहीं, अपने शाही परिवार को आजादी का श्रेय देना चाहती है। यह हमारी सरकार है, जिसने जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत की। मोदी के लिए पूरा देश ही मोदी का परिवार है। मोदी किसी की गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं है। भाजपा सरकार करप्शन के एक-एक रास्ते को बंद कर रही है, मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। उन्होंने कहा कि मोदी महाकाल का भक्त है। मैंने देश विरोधी ताकतों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए सीखा है। हम इन गीदड़ भभकियों से नहीं डरते हैं। इंडी गठबंधन के लोग मोदी से चिढ़े हुए हैं।

## सनातन धर्म को समाप्त करने की सौगंध खाकर इंडी गठबंधन के लोग मैदान में उतरे: पीएम मोदी



**पीएम** ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर ये लोग मोदी को गाली देते हैं। सनातन धर्म को समाप्त करने की सौगंध खाकर इंडी गठबंधन के लोग मैदान में उतरे हैं। मोदी ने कहा कि इनकी पार्टियों के पास से सैकड़ों करोड़ों रुपये कैश मिल रहे हैं। कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने में जुटे हैं। मैं आपको गारंटी देता हूं कि भ्रष्टाचार का पैसा जिन-जिन तिजोरी में गया है, मैं उसे निकालकर रहूंगा। अगले पांच साल और तेजी से यह काम होगा। प्रधानमंत्री से पहले भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते ने मंच से जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में चार करोड़ पीएम आवास दिए हैं। दो करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का फैसला प्रधानमंत्री मोदी ने लिया है। उन्होंने किसानों का सम्मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी किसानों का सम्मान किया।

इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि ये चुनाव नए भारत का मिशन है। विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को साफ कर दिया। कांग्रेस चुनाव नहीं, आपस में लड़ रही है। कांग्रेस सरकार अपनी शिकायत लेकर दूसरों के पास जाती थी, अब जो देश आपस में लड़ रहे हैं, हल खोजने भारत आते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत की 21वीं सदी का है।

## चारधाम यात्रा की 10 मई से होगी शुरूआत, 15 अप्रैल से होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**देहरादून**
**उत्तराखंड की** आर्थिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू होने जा रही है। इसके लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा। चारों धाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। वेबसाइट, एप, टोल फ्री नंबर और वाट्सएप के माध्यम से यात्री पंजीकरण करा सकेंगे। इस बार किसी भी धाम के लिए यात्रियों की संख्या सीमित करने का प्रावधान फिलहाल नहीं रखा गया है।



**तय हो गया है कपाट खुलने का मुहूर्त**
बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति और गंगोत्री व यमुनोत्री धामों की समितियों का पत्र मिलने के बाद उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद यात्रा के लिए पंजीकरण प्रारंभ करती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ व गंगोत्री के कपाट खुलने का मुहूर्त तय हो चुका है, जबकि यमुनोत्री धाम का मुहूर्त 14 अप्रैल को यमुना जयंती के अवसर पर तय होना है। 'यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने का मुहूर्त तय होने पर अगले दिन से चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण प्रारंभ कर दिए जाएंगे। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पंजीकरण के लिए चार माध्यम रखे गए हैं।' ३ड्डयात्रा से पहले पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराएं

पंजीकरण में सही मोबाइल नंबर दर्ज कराएं

## केजरीवाल को हाई कोर्ट से झटका, गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने आबकारी घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने इस मामले में 3 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि जब भी किसी आरोपित को सरकारी गवाह बनाया जाता है तो यह न्यायिक अधिकारी का काम होता है, न कि जांच एजेंसी यानि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का। कोर्ट ने



कहा कि किसने किस पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए पैसा दिया, ये कोर्ट को तय नहीं करना है। इलेक्टोरल बांड के रूप में किसने किस पार्टी को पैसा दिया, ये कोर्ट को विचार नहीं करना है। केजरीवाल चाहें तो गवाहों का क्रास-एग्जामिनेशन कर सकते हैं। ये ट्रायल का मामला है, हाई कोर्ट का नहीं। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी किसी की भी जांच कर सकती है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान के फैसले का उदाहरण देते हुए कहा कि पब्लिक फिगर को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि मार्च महीने से ही केजरीवाल समन को नजरअंदाज कर रहे थे। ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी चुनाव को ध्यान में रखकर की गई है। कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका का काम कानून की व्याख्या करना है और इसमें वो किसी का पक्ष नहीं लेती है, वो राजनीति में नहीं पड़ती है। कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक हस्तियों के मामलों में कोर्ट को केवल कानून को देखना है और उसके लिए राजनीतिक घटनाक्रम देखना जरूरी नहीं है। कोर्ट की चिंता संवैधानिक नैतिकता है, राजनीतिक नैतिकता नहीं।

## आसियान देशों में तैनात समुद्र पहरेदार ने ब्रुनेई के मुआरा बंदरगाह पर लंगर डाला



**नई दिल्ली**
आसियान देशों में तैनाती के हिस्से के रूप में भारतीय तटरक्षक का प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र पहरेदार मंगलवार को ब्रुनेई के मुआरा बंदरगाह पर पहुंच गया है। आसियान देशों में आईसीजी के विशेष पोत की यह यात्रा समुद्री प्रदूषण के लिए भारत आसियान पहल के अनुसरण में है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्ष 2022 में कंबोडिया में आसियान रक्षा मंत्री प्लस बैठक के दौरान इसकी घोषणा की थी। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान आईसीजीएस समुद्र पहरेदार का दल समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, समुद्री खोज और बचाव, समुद्री कानून प्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पेशेवर बातचीत करेगा। इसके अलावा अन्य गतिविधियों में क्रॉस-डेक प्रशिक्षण, विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान और ब्रुनेई समुद्री एजेंसियों के साथ खेल कार्यक्रम शामिल हैं। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल भारतीय तटरक्षक बल और ब्रुनेई समकक्षों के बीच संबंधों को मजबूत करना है बल्कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की अवधारणा का समर्थन करते हुए भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन करना भी है। इसके अलावा आईसीजीएस समुद्र पहरेदार पर सवार राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 25 कैडेट्स सरकार की पहल पुनीत सागर अभियान में योगदान करते हुए स्थानीय युवा संगठनों के सहयोग से समुद्र तट सफाई गतिविधियों में भाग लेंगे।

## बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा, बिना शर्त मांगी माफी

**नई दिल्ली**
**एलोपैथ के** खिलाफ भ्रामक विज्ञापन के मामले में 10 अप्रैल को सुनवाई से पहले बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। दोनों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करने के लिए माफी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने विज्ञापन पर



रोक के आदेश के एक दिन बाद प्रेस कांफ्रेंस के लिए भी माफी मांगी है। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने कहा है कि अब कोई प्रेस कांफ्रेंस या सार्वजनिक बयान नहीं दिया जाएगा। माफीनामे में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अक्षरशः पालन किया जाएगा और भविष्य में इस प्रकार के भ्रामक विज्ञापन जारी नहीं किए जाएंगे। गौरतलब है कि 2 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने आचार्य बालकृष्ण और बाबा रामदेव के माफीनामा को अस्वीकार कर दिया था। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि आपकी ओर से आश्वासन दिया गया और उसके बाद उल्लंघन किया गया।

## ईवीएम की वीवीपीएटी पर्चियों के शत प्रतिशत मिलान की मांग पर 16 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट चुनावों में ईवीएम के डाटा से वीवीपीएटी पर्चियों के मिलान की मांग पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगा। आज इस मामले पर समयाभाव की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने 1 अप्रैल को सभी वीवीपीएटी पर्चियों का मिलान करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया था। यह याचिका एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि सभी वीवीपीएटी पर्चियों का मिलान किया जाए। मौजूदा व्यवस्था में एक विधानसभा क्षेत्र की पांच ईवीएम के वीवीपीएटी पर्चियों का ही मिलान किया जाता है।

## औसत परिवार पैसा बचाने की बजाय कर्ज में डूबता जा रहा है: कांग्रेस

वित्त मंत्रालय इस सच्चाई को घुमाकर पेश कर रहा है। असल में देश में परिवारों की आय में वृद्धि नहीं हो रही। इससे न केवल उनकी बचत घट रही है



**नई दिल्ली**
कांग्रेस पार्टी ने एक हालिया रिपोर्ट के हवाले से दावा किया है कि देश में एक औसत परिवार पैसा बचाने की बजाय कर्ज में डूबता जा रहा है। पार्टी का कहना है कि मोदी सरकार की गलत प्राथमिकताओं और अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन की सच्चाई अब सबके सामने आ रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक रिपोर्ट के हवाले से एक वक्तव्य जारी कर देश के आर्थिक हालात पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि वित्त मंत्रालय इस सच्चाई को घुमाकर पेश कर रहा है। असल में देश में परिवारों की आय में वृद्धि नहीं हो रही।

इससे न केवल उनकी बचत घट रही है बल्कि उन्हें जीवनयापन के लिए कर्ज उठाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय सेवा प्रदाता फर्म मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2023 तक भारत का घरेलू ऋण स्तर सकल घरेलू उत्पाद के 40 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं वित्तीय बचत अपने निम्नतम स्तर यानी सकल घरेलू उत्पाद के 5 प्रतिशत पर आ गई है।

वित्त मंत्रालय इसे नकारात्मक संकेत नहीं मानता है। मंत्रालय का कहना है कि लोग कर्ज परिवार, घर और वाहन जैसी वास्तविक संपत्ति खरीदने के लिए ले रहे हैं और यह संकट का संकेत नहीं है। इस रिपोर्ट को आधार बनाते हुए जयराम रमेश का कहना है कि महंगाई और मजदूरी में वृद्धि न होने से परिवारों के पास बचत के लिए पर्याप्त धन नहीं है। वहीं बचत दर कई दशकों में सबसे निचले स्तर पर है। कम बचत का अर्थ है व्यवसाय और सरकारी निवेश के लिए कम पूंजी उपलब्ध होना। साथ ही इसका मतलब यह है कि भारत को वित्तपोषण के लिए अस्थिर विदेशी पूंजी पर निर्भर रहना होगा।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, बुधवार
10 . 04 . 2024
02

# भारतीय को नहीं भूलना चाहिए अतीत : विंध्यवासिनी

## सनातन धर्म विश्व की पुरातन संस्कृति है: महेंद्र शुक्ल, राजा कमलाकर इंटर कालेज में मनाया गया प्रतिपदा उत्सव





**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** चैत्र प्रतिपदा को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा विक्रम संवत 2081 का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। यमुनापार के राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने आरएसएस के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार को याद किया।

मुख्य वक्ता विंध्यवासिनी ने कहा, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष की शुरूआत होती है। इस बार हिंदू नववर्ष नौ अप्रैल से शुरू हो रहा है। मान्यता है कि इसी तिथि पर ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की थी। इसीलिए इसी दिन से नये साल की शुरूआत होती है।उन्होंने कहा कि हम भारतीयों को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए। हमारा इतिहास गौरवशाली रहा है। समृद्धशाली इतिहास के एक-एक पन्ने को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा। कहा कि हमारे देश में बहुत से चुनौतियां हैं, इन चुनौतियों और सामाजिक विषमताओं को दूर करना पड़ेगा। इसके लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। वक्ता महेंद्र शुक्ल ने कहा कि सनातन धर्म विश्व की पुरातन संस्कृति है। इस संस्कृति पर सदियों से आक्रमण होते रहे हैं। इसमें शक, हूण, यवन, डच, फ्रेंच, मुगल और अंग्रेजों ने सनातन धर्म को मिटाने की कोशिश की, लेकिन वह सनातन धर्म को मिटा नहीं पाए। हम सभी को अपनी संस्कृति और सनातनी होने पर गर्व करना चाहिए।खंड सर संघ चालक सूर्यकांत शुक्ल ने कहा कि भारत हिंदुओं का देश है। जबकि अपने ही देश में हिंदू संगठित नहीं हैं। भारत को फिर से उसके परम वैभव तक ले जाने के लिए सभी को संगठित होने की आवश्यकता है। इसके पूर्व डा. हेडगेवार समेत संघ के अन्य संस्थापकों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।मौके पर माननीय शंकरगढ़ खंड सर संघ चालक सूर्यकांत जी,खंड कार्यवाह दिवाकर जी,सह संघ चालक राजेश, वेद प्रकाश,राजेंद्र जी, सुनील जी, मसुरिया दीन वर्मा, राजवीर, प्रांशु, ऋषिक, उत्कर्ष, श्लोक, अजय, निखिल, हेमचंद्र, प्रमोद, रामदत्त, दीपांशु, लवलेश, राम सिंह, अनिल कुमार, सुजीत, रामजतन, रामानुज, अरविंद, पंकज, मनोज, अंशु, गणेश, उमाशंकर, राजू केसरवानी, नीरज, शिवसेवक, सतीश,पंकज, कौशल, प्रमोद, कैलाश बाबू, अरुण कुमार, राहुल, कौशल, रजत, धर्मेंद्र, आदर्श, सतरंजन, सर्वेश, सचिन, प्रणय के साथ दर्जनों स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### संदिग्ध दशा में लेहडी रेलवे फाटक के समीप महिला का कटा हुआ मिला शव मची सनसनी

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के लेहडी फाटक के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का ट्रेन से कटी हुई लाश मिलने से इलाके में जहां सनसनी फैल गई है वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मेजा पुलिस जांच पड़ताल की कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारीनुसार उक्त थाना क्षेत्र के ओनौर गांव निवासी दिनेश चंद्र गुप्ता की पत्नी कुसुम देवी उम्र लगभग 42 वर्ष का परिजन सोमवार की रात खाना पीना खाकर सो गए थे। बताया जाता है कि परिजनों के सोने के बाद उक्त महिला रात को ही घर से गायब हो गई थी । सुबह जब परिजन सो कर उठे तो देखा कि महिला कुसुम देवी बिस्तर पर नहीं है तो आनन फानन उसकी खोज शुरू हुई। खोजबीन के दौरान परिजनों को पता चला कि लेहडी रेलवे फाटक के समीप एक महिला का कटा हुआ शव पड़ा है परिजन वहां पहुंचे और मृतक महिला की पहचान कुसुम देवी के रूप की। सूचना मिलने पर मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय तत्काल मय फोर्स मौके पर पहुंचे। खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि महिला घर से रात में लेहड़ी रेलवे फाटक तक कैसे पहुंची उस वक्त उसका पति कहां था फिलहाल मेजा पुलिस इन सभी एंगिल पर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### उन्नाव के दर्शनार्थियों की बस मांडा में भिड़ी चालक गिरफ्तार



**मांडा।** उन्नाव से दर्शनार्थियों को लेकर विंध्याचल के लिए निकली बस मांडा के टिकरी, दिघिया में प्रयागराज - मीरजापुर हाइवे के बगल खड़ी पिकअप से भीड़ गई। इससे दर्शनार्थियों समेत लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस चालक को दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि उन्नाव से 53 दर्शनार्थियों को लेकर वोल्वो बस सोमवार सुबह विंध्याचल के लिए निकली। बस मांडा के टिकरी गांव स्थित प्रयागराज - मीरजापुर हाइवे पर पहुंची थी। तभी बस सामने से आ रही ट्रक ओवर टेक करने लगी जिससे बचने के दौरान बस सड़क के किनारे खड़ी पिकअप से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उधर घटना को लेकर दर्शनार्थियों में भी हड़कंप मच गया। घटना मंगलवार की भोर चार बजे के आसपास की है। वही सूचना पर दिघिया पुलिस चौकी कि पुलिस टीम के साथ मे उप निरीक्षक सन्नेश बाबू गौतम मौके पर पहुंचे। वही घटना में शामिल दोनों वाहनों समेत बस चालक पुलिस की गिरफ्त में हैं। बस चालक धर्मेन्द्र राठौर निवासी सुल्तानपुर ने बताया कि सामने से ओवर टेक कर ट्रक से बचाने के दौरान हादसा हो गया।

### कार्यशाला : छात्रों को जल प्रबंधन पर्यावरण एवं स्वच्छता की दी जानकारी



**करछना।** स्थानीय करछना मदन मोहन मालवीय इंटर मीडिएट कालेज और वीना सिंह महिला महा विद्यालय में क्लस्टर वर्कशॉप का आयोजन वठडढर तथा ळएफक्र ड९ॅल्ल२३ङ्खल्ल द्वारा किया गया जिसमे रञ्ट्र कॉन्वेंट, मानवेंद्र सिंह इन्टर कॉलेज , कंपोजित स्कूल बराव और गिरीश कुमारी कन्या कॉलेज आदि के बच्चो को पर्यावरण, स्वच्छता और जल प्रबंधन इत्यादि पर एकदिवसीय प्रशिक्षण ळएफक्र के मास्टर ट्रेनर विकाश, आयुष, साक्षी और वरदा द्वारा दिया गया जिसमें बच्चो को बहुत ही रुचिकर तरीके से बताया गया और बच्चे बहुत ही प्रभावित हुए तथा दोनों विद्यालय में वठडढर के जिला समन्वयक शिवा कांत द्विवेदी उपस्थिति होकर यूनॉप्स द्वारा किए जा रहे जल जीवन मिशन में सहयोग तथा इसके लक्ष्य के बारे मे जानकारी दिए साथ ही साथ उक्त स्कूलों से टीचर तथा प्रिंसिपल शैलेंद्र गुप्ता, देव प्रकाश यादव मदन मोहन शंखधर,कलावती पांडे जी, राकेश कुमार जी भी उपस्थिति रहे और उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह के कार्यक्रम में विद्यालय पूर्ण सहयोग करेगा, इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### इंडिया गठबंधन के भदोही लोकसभा प्रत्याशी का विधानसभा प्रतापपुर के गावों का तूफानी दौरा



**उतरांव।** इंडिया गठबंधन के भदोही लोकसभा प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी का प्रतापपुर विधानसभा के कई गावों में तूफानी दौरा किया। इस अवसर पर उनके समर्थकों ने उनका खूब जमकर स्वागत सत्कार किया। इसी कड़ी में क्षेत्र के मोतिहां गाँव के पूर्व प्रधान अरुण कुमार उर्फ बब्बू यादव ने अपने गाँव में प्रत्याशी का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। गठबंधन के प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी के पहुंचते ही सपा और कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रत्याशी का खूब जमकर फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा ने किसानों का आय दूना तो नहीं किया लेकिन किसानों का कृषि खर्चा जरूर दूना कर दिया।वे भाजपा पर खूब जमकर निशाना साधा।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की नीतियों से सभी त्रस्त है। गरीब, नौजवान, किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया गया। बब्बू यादव ने आये सभी लोगों का स्वागत करते हुए आभार जताया। इस मौके पर प्रतापपुर विधायक प्रतिनिधि जगदीश यादव, राम राज यादव, राजबहादुर यादव, अभिषेक पटेल, सुरेश पासी, सोनू, शिवम, आशीष श्रीवास्तव डायमंड, योगेश पाल, आदि सपा नेताओं समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नवयुवक ब्राह्मण समाज की हुई बैठक लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय



**सहसों।** केंद्रीय कार्यालय गारापुर पर नव युवक ब्राह्मण समाज की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए संगठन के संस्थापक/ अध्यक्ष पंडित लवकेश कुमार मिश्रा ने संगठन के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के बीच आगे की रणनीति पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान परशुराम की जयंती पर माता चौरा धाम में भगवान परशुराम के मंदिर की नींव पूजन तथा नव युवक समाज द्वारा क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों को गौरव सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आदि विषयों पर चर्चा करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय पर बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में फूलपुर का सांसद वही होगा जो अंदावां चौराहे पर इस देश के प्रथम बलिदानी शहीद एवं क्रांतिकारी पंडित मंगल पांडे की मूर्ति लगवाने का हम सभी के सामने संकल्प लेगा। बैठक में संगठन के आदि पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में प्रमुख रूप से विजय कुमार तिवारी, राम शिरोमणि मिश्र, राजमणि शुक्ला, विनोद कुमार शुक्ला, आनंद शुक्ला, सूर्य प्रकाश शुक्ला, मनीष कुमार तिवारी, रमाशंकर, भुनेश, संजय पांडे, कृष्ण देव दुबे सहित आदि सदस्य एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### पहले दिन भक्तों ने की माता की पूजा अर्चना मां के दर्शन को पूरे दिन लगी रही महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़



**मांडा।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन महेवा गंगा घाट पर श्रद्धालुओ ने डुबकी लगाई और शक्तिपीठ मां मांडवी देवी व क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में माँ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही उमड़ रही है। सुबह मंगला आरती के बाद मां के दर्शन के लिए मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही सुबह से ही अति प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से मां दुर्गा के दर्शन करने के लिए महिला,पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही । मां मांडवी देवी धाम में मंगला आरती के समय मंदिर के पुजारी ने मां को भोग लगा कर आरती उतारी, उसके बाद श्रद्धालु पूजन दर्शन में जुट गए। शक्तिपीठों में से एक मां मांडवी देवी धाम में नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री रूप का दर्शन किया भक्तों ने सुबह से ही मां के दर्शन पूजन के लिए मंदिर में लाइन लगा रखा था।मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों ने मां का जयकारा लगाया। मां मांडवी देवी को मांडा की कुल देवी भी कहा जाता है। यहां पर सबसे अधिक दर्शनार्थियों की भीड़ मांडा क्षेत्र के साथ दूर दराज भक्तों की रहती है। नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां के दर्शन पूजन किए और उन्हें रोट व हलवा का प्रसाद चढ़ाया। मां मांडवी देवी धाम में दर्शन करने से मनोवांछित फल मिलता है। जो भक्त सच्चे हृदय से मां की पूजा करता है उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में पूरे 9 दिन तक मां के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ लगी रहती हैं।



### फाफामऊ में नारी शक्ति सम्मान समारोह सम्पन्न

#### महिलाओं को एकजुट करने का लिया निर्णय

**फाफामऊ।** नारी शक्ति महिला कल्याण समिति के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समिति के द्वारा संस्था के पदाधिकारियों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को एक जुट करने व उनके अधिकारों के लिए लडाई लड़ने व उनका सहयोग करने की योजना पर कार्य करने की बात की गई। कार्यक्रम में समिति के उद्देश्य पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर फाफामऊ पार्षद निशा गुप्ता, मधु गुप्ता, दिव्यानी केशरवानी, कुसुम प्रजापति, निशा प्रजापति, मंजू प्रजापति, ऊर्वशी प्रजापति, उर्मिला केशरवानी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

### नवदुर्गा स्वरूप छात्राओं की पूजा करके ज्ञानदीप इंटर नेशनल स्कूल ने नवरात्र का प्रथम दिवस मनाया




**सिरसा।** ज्ञानदीप इण्टरनेशनल स्कूल में नौ छात्राओं को माँ दुर्गा के नव रूपों मे प्रस्तुत कर बड़े धूमधाम से पूजन कर नवरात्र के प्रथम दिन का उत्सव मनाया। नवदुर्गा के रूप में अन्तरा, आन्या, रितिका, अंशिका, सृष्टि, गौरी, रुही, जीया और शीतल शुक्ला ने माँ दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों का स्मरण दिलाया।स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा देवी एवं सभी अध्यापकों द्वारा माँ दुर्गा के नव रूपों की पूजन कर आरती किया गया। इस अवसर पर स्कूल की छात्रा काजल, जीया, शिवानी, जान्हवी ने देवी गीत पर सुन्दर नृत्य किया। स्कूल की अध्यापिका श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव एवं श्रीमती जागृति सेठ ने माँ की वन्दना बड़े ही सुन्दर गीतों से किया। स्कूल की अध्यापिका अर्तिका तिवारी ने सभी माँ के नौ रूपों के रूप में इन छात्राओं को बहुत ही सुन्दर ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। इस सांस्कृतिक प्रोग्राम के साथ नारी सशक्तिकरण एवं नव दुर्गा स्वरूप चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में जूनियर स्तर पर रीया मिश्रा ने प्रथम, इकरा बानो ने द्वितीय और श्रेया प्रजापति ने तृतीय स्थान तथा सीनियर स्तर पर आदित्य अभिनन्दन ने प्रथम, मानस कुमार ने द्वितीय और आशुतोष पटेल ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। इन स्थान प्राप्त बच्चों को प्रधानाचार्य श्रीमती कुंजन लता तिवारी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबन्धक डा० नीरज कुमार ने माँ दुर्गा के आशीर्वाद की कामना के साथ चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले को इनाम देते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए उच्च शिक्षा एवं संस्कार देने के अपने वादे को एक बार फिर से दुहराया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक जागृति सेठ, अमितेश कुमार, आर0 के0 शर्मा, कामिनी श्रीवास्व, अर्तिका तिवारी, अजीत सिंह, दीपचन्द्र, एवं सीमा सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## खीरी थाने की पुलिस का कारनामा : गंभीर प्रकृति के अपराध की एफआईआर के बजाय लिखी एनसीआर

### पीड़िता ने विपक्षी से सांठ-गांठ का लगाया आरोप, जायेंगी पुलिस कमिश्नर से मिलने, मुख्यमंत्री को भेजा नारी शक्ति के साथ जुल्म अन्याय का ब्यौरा

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** पुलिस देखा जाए तो खुद अप्रिय घटना को अंजाम देना चाहती है, जातीय द्वेष भावना से ग्रशित हो कर आरोपियों को बचाने का कार्य करती है,क्योंकि उसमे एक आरोपी पुलिस का खाश बताया जाता है। हिना पुत्री खलीकुल्ल ग्राम अल्हवा को नीबी गांव के बृजेश कुमार बिंद पुत्र छोटेंलाल सात साल पूर्व करीब कम उम्र में ही बहला फुसला कर विद्यालय से भागा ले गया था। गैर प्रांत रहते हुए दोनो के मध्य दो बच्चे हुए,अब गांव नीबी में एक दलित महिला से उसका चक्कर चल रहा है तो आए दिन हिना को जाति धर्म मजहब की दुहाई दे कर रास्ते से हटाना है पति। एक अप्रैल को बृजेश बिंद पुत्र छूटे लाल ने लाठियों से हिनां की जम कर तुड़ाई कर दी,जिससे वह मर जाए तो वह समाज में दूसरा विवाह कर ले।। पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निसान है। दर असल 6 अपरेल को पीड़िता थाना कोरांव 1090 वालों के कहने पर गई। किंतु कोरांव थाने वालों ने खीरी तहरीर रेफर कर दिया। खीरी पुलिस कैंपस ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे पत्रकार खुद अपने साधन से पीड़िता को ले कर गए। थाना प्रभारी अपने कमरे में आराम फरमा रहे थे। नहीं निकले। किंतु वहा तैनात महिला दरोगा वा पुरुष दरोगा दीवान तहरीर तीन बार चेंज करवाए। पुलिस का उद्देश्य था की तहरीर में जो जेठ,ससुर का नाम डाल रहे हैं उनका नाम हटवाना चाहते थे। और खीरी थाना के बजाय कोराओं थाने ही केस दर्ज कराना चाहते थे। दिन भर प्रधान और पीड़िता को बैठाए रहे एफआईआर न दर्ज कर और न डाकटरी कराए बैरंग वापिस भेज दिए जिसकी शिकायत ट्विटर से पुलिस अधिकारी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। डीसीपी यमुनानगर के निदेर्शानुसार पुलिस को पीड़िता को बुलवाकर केस दर्ज कराना पड़ा। किंतु खीरी की महान पुलिस ने एफआईआर की तहरीर को अपने से पीड़िता को दबाव डाल कर आरोपियों को बचाने के लिए चेंज कर एनसीआर लिख दिया और मेडिकल जांच के लिए कोरांव सीएचसी भेज दिया। जहां पीड़िता हिना की मेडिकल जांच हुई शरीर पर चोटों के अनुसार उपचार की गई। चर्चा है कि खीरी पुलिस ने पीड़िता को धमकाया कि सोशल मीडिया पर तुम्हारा मामला चल रहा है इससे कोई लाभ तुझे नहीं मिलेगा। अंत में ग्राम प्रधान अल्हवा द्वारा पीड़िता के साथ जुल्म सितम की घटना को विपक्षी के इशारे और सांठ गांठ से एनसीआर केस लिखवा दिया।

,,जब मेरे प्रयास पर मेरे गांव की मुस्लिम बिरादरी की लड़की को दूसरे संप्रदाय के युवक को भगा ले जाने पर शांति व्यवस्था कायम रखाई,कोई कार्यवाही नहीं कराई,धर्म परिवर्तन कराया नाम बदला तब भी आज उसकी इज्जत करने के बजाय उसे एक महिला के चक्कर में रास्ते से हटाना चाहता है। उल्टा स्थानीय पुलिस उक्त गंभीर प्रकृति के अपराध को हल्के में ले कर प्रताड़ित करने वालों की ही मदद करती दिख रही। जब हम जैसे जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ पत्रकार,सोशल वर्कर के द्वारा न्याय के लिए प्रयास किया गया तो असर नहीं पड़ा, तब साधारण गरीब आदमी की पुलिस कितना मदद करती होगी यह अंदाजा लगाया जा सकता है। मैं पीड़िता के मामले को सीधे मुख्य मंत्री जी,पुलिस आयुक्त,डीसीपी यमुना नगर से मिलूंगा और पुलिस की संदिग्धता की जांच कार्यवाही की मांग करूंगा। यदि उक्त पीड़िता के साथ कोई अप्रिय घटना घटी तो मुलजिम के साथ 120 में पुलिस के भी खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी।



अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे वरिष्ठ पत्रकार एवं ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव



### रेल विभाग ने अवैध कब्जा हटवाया

**जसरा।** जसरा रेलवे फाटक के समीप रेलवे की जमीन पर हुए अवैध कब्जे को लेकर रेलवे विभाग के लोगों ने जेसीबी के सहारे कब्जे को पूरी तरह से मुक्त कर दिया। जिसको लेकर कब्जेदारों में अफरातफरी मची रही। रेलवे विभाग के द्वारा अवैध कब्जेदारों को दो दिन पूर्व ही रेलवे की जमीन को खाली करने के लिए नोटिस दे दी गई थी। उसी क्रम में मंगलवार को सुबह रेलवे विभाग की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। तथा जेसीबी के सहारे रेलवे के जमीन पर हुए अवैध कब्जे को हटाने लगे। रेलवे की जमीन पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने दुकान खोली थी। इसको लेकर रेलवे प्रशासन ने शक्ति दिखाते हुए रेलवे की जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया। वहीं कब्जा हटाए जाने के दौरान कब्जेदारों में अफरा तफरी मची हुई थी। कब्जेदार जल्दी-जल्दी अपना सामान समेट कर दूसरी जगह पर शिफ्ट कर दिया। वहीं दशकों बाद रेल विभाग द्वारा की गई कार्रवाई लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। लगभग तीन दशक से अवैध कबजेदारों ने रेलवे की जमीन पर कब्जा कर दुकान सजा रखी थी रेल विभाग ने कई बार कब्जेदारों को नोटिस भी जारी किया तथा चालान भी किया गया था लेकिन कब्जेदार नहीं माने। इसके बाद मंगलवार को सख्त कार्रवाई कर जमीन खाली करा लिया गया। इस अवसर पर रेल विभाग के अधिकारी व रेल पुलिस व स्थानीय पुलिस भी मौके पर उपस्थित रही।

## सशक्त योजना बनाकर पार्टी को बजबूत बनाए कार्यकर्ता : अनिल राजभर

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए अबकी बार एनडीए चार सौ पार का जो लक्ष्य निर्धारित किया उसे हम सभी कार्यकताओं को संकल्प लेकर पूरा करना होगा। यह मां भारती को विश्व भारती बनाने का चुनाव है। इस चुनाव में देश विरोधी मोदी विरोधी शक्तियां गोलबंदी कर सक्रिय हो रहीं हैं उनसे सावधान रहते हुए स्थानीय स्तर पर भी सशक्त योजना बनाकर कमल खिलाना होंगा। और विपक्षी पूर्व सरकारों के कारनामों से जनता को जागरूक करना होगा उक्त बातें मंडपम गेस्ट हाउस रामपुर करछना में आयोजित वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रयागराज लोकसभा क्लस्टर प्रभारी व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने वरिष्ठ कार्यकताओं, कोर कमेटी, विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही श्री राजभर न कहा बैठक की सार्थकता तभी है जब यहां से जाने के बाद पल-पल चुनाव तक संगठन के लिए पूरा समय समर्पित करें। काशी क्षेत्र महामंत्री व जिला प्रभारी यमुनापार शुशील त्रिपाठी , लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल, लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल ने भी कार्यकताओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बैठक की अध्यक्षता यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने करते हुए सभी का आभार जताया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि विधानसभा संयोजक राजेश शुक्ला,डां भगवंत पांडेय आदि ने बड़ी माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल, ओमप्रकाश निषाद, रमाकांत विश्वकर्मा,जय सिंह पटेल, प्रकाश शुक्ल, दिलीप कुमार चतुवेर्दी,पंकज द्विवेदी, नागेश्वर निषाद, बृजेश पटेल,अजय सिंह, प्रदीप कुमार पाण्डेय आदि के साथ मंडल प्रभारी, तीन कार्यकाल के पूर्व पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक आदि भारी संख्या में उपस्थित रहें।



## नारी शक्ति : इतना दौड़ाया जाता है की पीड़ित थक हार जाए

### जुल्मो सितम पर तो नहीं किंतु मृत्युपरांत ही होती है कार्यवाही,खीरी थाने से दो थानों के बीच की घटना बता कर नहीं लिखी जा रही एफआईआर, डीसीपी यमुनानगर ने ट्वीट कर कार्यवाही के लिए दिए आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**कोराव।** सरकार का नारी सशक्ति करण और शक्ति मिशन कभी कभी जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते लड़खड़ाता दिखाई देने लगता है,जिससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता। उल्लेखनीय है कि कोरांव के ग्राम अल्हवा की एक मुस्लिम परिवार की सोलह वर्षीया लड़की को खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम नीबी निवासी एक युवक आठ साल पूर्व बहला फुसला कर काफी संपत्ति का मालिक बता कर बरगला कर भगा ले गया था। तीन चार साल गैर प्रांत रहने के दौरान उससे दो बच्चे भी हैं। पीड़िता का आरोप है कि मेरा धर्म परिवर्तन करा कर मेरा नाम हिना से हिना बिंद करा दिया,और आधार कार्ड में बतौर पति बृजेश कुमार बिंद करा लिया। अंत में दोनो अपने गांव नीबी लेंडियारी रहने लगे। हिना ने अपने मां बाप भाई आदि से ब्रिजेस के ही साथ गुजर बसर करने की इच्छा जताई,गृहस्थी के लिए मायके वालों से हिना ने अपने पिता खलीकुल्ला से मदद हेतु पैसा भी मांगा। बत्तीस हजार रुपए सभी मिल कर दिए भी। किंतु चर्चा है कि उसका गांव की एक दलित महिला से अवैध संबंध हो गया जिसे आए दिन वह बुरी तरह मारने पीटने लगा। मासूम बच्चों को भी सताने लगा। कई बार पीड़िता खीरी थाने और लेंडियारी पुलिस स्टेशन गई,किंतु हिना के ससुराल वालों ने यह कह कर प्रताड़ना शुरू कर दिया कि तुम मुसलमान हो मेरे हिंदू समाज के लोग इतराज कर रहे हैं। विरोध किया तो एक अप्रैल 2024 को घंटों बुरी तरह लाठियों से गिरा गिरा कर मारा पीटा, बच्चे जब मा से लिपटे तो उन्हे भी मारा पीटा धमकाया। पड़ोस के महिलाओं ने जान बचाई। दवा मांगा कर दी। ससुर जेठ के कहने पर पति ने इतनी निर्दयता पूर्वक मारा की सारे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं। इस घटना की तहरीर जब पीड़िता पिता माता आदि के साथ थाना कोरांव 6 अप्रैल को गई तो घटना खीरी थाने का बताया गया और जब खीरी थाने गई तो खीरी पुलिस ने तहरीर ले ली। मेडिकल के चक्कर में काफी देर तक बैठाए रखा, वहा तैनात महिला सब इंस्पेक्टर प्रीति रावत और अंब्रेश कुमार मिश्र ने पीड़िता का बयान लिया और शरीर पर चोटों की फोटो ग्राफ और वीडीओ भी बनाई,बाद में थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला कोरांव थाने से संबंधित है। जिससे न एफआईआर हुई और न ही मेडिकल जांच। इस प्रकार एक दूसरे संप्रदाय की नाबालिग लड़की को धर्म परिवर्तन कराकर बालिग दर्शार्ना और विवाह करना दो बच्चे होना फिर भी उसकी इज्जत से बेइज्जत कर उत्पीड़न करना पुलिस के पास जाने पर न्याय न मिलना प्रतीत होता है कि शायद उक्त लड़की की हत्या की इंतेजारी की जा रही तभी फाइनली कार्यवाही होगी। पीड़िता का आरोप है कि मेरे ससुराल वालों की नियत मेरे प्रति ठीक नहीं है। यदि मैं वहां अब जाऊंगी तो मुझे व मेरे दोनों बच्चों को मौत के घाट उतार दिया जायेगा।



# प्रयागराज में चैत्र नवरात्र: प्रथम दिन देवी मंदिरों मे पूजी गई मां शैलपुत्री

## चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में भारी भीड़ जुटी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** में मंगलवार से शुरू हुए चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में भारी भीड़ जुटी। प्रयागराज के देवी मंदिर में शक्तिपीठ कल्याणी देवी और ललिता देवी समेत अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था। लोग देवी मां के दर्शन - पूजन कर अपनी कामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद लिया। नवरात्र के पहले दिन शक्ति पीठ अलोपशंकरी कल्याणी देवी, ललिता देवी मंदिर समेत दूसरे देवी मंदिरों में मां का भव्य श्रृंगार किया गया। देवी मंदिरों को खूबसूरती से सजाया गया है। शक्ति पीठ अलोपशंकरी मंदिर में देवी माँ स्वरुप पालने की भव्य आरती की गई और भोर से ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। आरती के वक्त मौजूद श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए देवी गीत भी गाए। कल्याणी देवी मंदिर मे मां को अर्पित करने के lलिए 1008 गुड़हल के पुष्पो को अर्पित किया जा रहा है। साथ ही वैदिक पंडितो द्वारा विशेष अनुष्ठान कराये जा रहे है। कल्याणी देवी मंदिर के पुजारी महामंत्री श्याम जी पाठक ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्र पर विशेष तैयारी की जायेगी। नौ दिनों देवी के अलग अलग स्वरुपों की पूजा और श्रृंगार भी अलग अलग होगा। प्रतिदिन मंदिरों मव भजन संध्या और कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे।

**सर्वार्थ सिद्धि योग में शुरू हो रहा नवरात्रि**

आज मंगलवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में 9 दिनों का नवरात्रि शुरू हो रहा है। इस सिद्ध योग में मां का आगमन हो रहा है जो हर किसी के लिए मंगलकारी होगा। नवरात्रि में देवी का आगमन भक्तों के कल्याण के लिए रेवती नक्षत्र में हो रहा है। 9 दिनों में 9 योगों का मिलान दुर्लभ संयोग बनकर आ रहा है। आज घर-घर में कलश स्थापना किया जा रहा है। सूर्योदय के समय से ही ब्रह्म मुहूर्त में कलश स्थापना का कार्यक्रम शुरू हो गया।

### महंगा हुआ नवरात्रि का बाजार 80 रुपए दर्जन केला, 100 रुपए किलो बिक रहा संतरा



**प्रयागराज।** नवरात्रि शुरू होते ही बाजार में खाने पीने के सामान महंगे हो गए। फलों के दाम दोगुने हो गए। संतरा की बात करें तो यहां पिछले दिनों 40-50 रुपए किलो बिक रहा था लेकिन 2 दिनों से इसकी कीमत सीधे डबल हो गई और आज यह 100 रुपए किलो मिल रहा है। यही हाल केले के ही। केला 50 रुपए दर्जन मिल रहा था लेकिन आज वही केला 80 रुपए दर्जन बेचे जा रहे हैं।नवरात्रि के एक दिन पहले शाम तक महिलाएं बाजार में पूजा पाठ के सामानों की खरीदारी करती रहीं। देवी जी के श्रृंगार के लिए चुनरी, चूड़ी, माला सिंदूर, बिंदी के साथ साथ नारियल व घट स्थापना के लिए मिट्?टी के कलश भी खरीदे गए।

# अलोप शंकरी मंदिर : यहां होती है पालना की पूजा

## प्रयागराज के इसी स्थान पर गिरे थे सती के दाहिने हाथ का पंजा, कुंड में विलुप्त हो गया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अलोप शंकरी मंदिर देश का इकलौता ऐसा मंदिर है जहां देवी की नहीं बल्कि पालने की पूजा होती है। अलोप शंकरी मंदिर शक्तिपीठ देवी भगवती के 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां मंदिर में एक पालना लटकता रहता है उसी को देवी का स्वरूप मानकर श्रद्धालु दर्शन करते हैं। दरअसल, यही स्थान है जहां मां सती के दाहिने हाथ का पंजा गिरा था और गिरते ही यहां विलुप्त हो गया था।आज (9 अप्रैल) को नवरात्रि का पहला दिन है। नवरात्रि के दिनों में इस मंदिर में दर्शन करने के लिए देश भर से श्रद्धालु यहां दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। भोर से लेकर रात तक यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। यहां आने वाले श्रद्धालु रक्षा सूत्र बांधकर मनोकामना मांगने हैं।

**जहां-जहां देवी के अंग गिरे वह शक्तिपीठ बने :** मान्यता है कि जब देवी सती अपने पिता दक्ष के घर बिना बुलाए यज्ञ में पहुंच गई तो वहां उनका और उनके पति महादेव का अपमान हुआ। इससे निराश होकर देवी सती यज्ञ की अग्नि में कूद गई और उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए।शिव ने क्रोधित होकर देवी सती के मृत शरीर को हाथों में लेकर तांडव करना आरंभ कर दिया। तांडव से दुनिया नष्ट ना हो



जाए, इस वजह से भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र चलाकर सती के शरीर के टुकड़े कर दिए। देवी के शरीर के अंग जहां-जहां गिरे वहां शक्तिपीठ स्थापित हुए।प्रयागराज के इस स्थान पर देवी सती के हाथ का पंजा कटकर गिरा लेकिन यहां एक कुंड में गिरते ही वो अलोप यानी गायब हो गया। तभी से इस मंदिर का नाम अलोपशंकरी रखा गया।अलोपह्व का अर्थ गायब और ह्लशंकरीह्व मां पार्वती को ही कहा जाता है। इस मंदिर को ललिता मंदिर और महादेवेश्वरी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ललिता भी पार्वती मां का ही नाम है और महादेवेश्वरी का मतलब हुआ महादेव की पत्नी यानी मां पार्वती। प्रयागराज के जिस इलाके अलोपीबाग में ये शक्तिपीठ मौजूद है, उसका नाम भी इसी मंदिर की प्रसिद्धि के नाम पर रखा गया है।

**झूल रहा है लकड़ी का पालना**

अलोपी देवी मंदिर के गर्भगृह में एक कुंड है। इस कुंड पर दस फीट का एक चांदी का चबूतरा बना हुआ है। इसके ठीक ऊपर लकड़ी का एक पालना झूल रहा है जिसे देवी का प्रतीक माना जाता है। ये झूला करीब 10 फीट का है। झूला लकड़ी का है लेकिन लकड़ी को संरक्षित करने के लिए इसे चांदी से मढ़ दिया गया है। एक पुजारी यहां हमेशा रहता है जो मंदिर में झूले की पूजा कर रहे लोगों की मदद करता है। यहां भक्त आकर माता के झूले पर ही श्रृंगार का सामान चढ़ाते हैं और माता के वस्त्र भी अर्पित करते हैं। इसी झूले को मां का स्वरूप मानकर इसे वस्त्र और श्रृंगार का सामान अर्पण किया जाता है। जिस जगह पर झूला लटक रहा है, उसके नीचे मढ़े चांदी के प्लेटफॉर्म के नीचे ही वो पवित्र कुंड बताया जाता है जहां मां सती का पंजा गिरकर विलुप्त हो गया था। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से कुंड को ढक दिया गया है और उस पर चांदी का पत्थर लगा दिया गया है। मुख्य झूले के आस पास के प्रांगण में मां भगवती के नौ स्वरूपों की मूर्तियां भी स्थापित हैं जिनकी पूजा की जाती है। इसके अलावा शिव परिवार, हनुमान जी और नंदी भी इस परिसर में स्थापित हैं।

## न्यूज झरोखा

### श्यामाचरण गुप्ता राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक रहे : नरेंद्र सिंह गौर



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज कार्यालय पर पूर्व महापौर, पूर्व सांसद तथा कुशल उद्यमी रहे स्वर्गीय श्री श्यामाचरण गुप्ता की पुण्य तिथि भाजपा अध्यक्ष श्री राजेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मन्त्री डाक्टर नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि उनके साथ हम सभी का पारिवारिक सम्बन्ध रहा है। चाहे रामजन्म भूमि सम्बन्धी आन्दोलन में अयोध्या जा रहे कारसेवकों को रुकने खाने पीने की व्यवस्था या किराया आदि के लिए पैसा देने तक का उन्होने काम किया सच कहा जाए तो वह राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक रहे । स्वर्गीय सांसद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विशिष्ट अतिथि काशी प्रान्त भाजपा उपाध्यक्ष श्री अवधेश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण हो या शहर का कोई भी व्यक्ति जिसे किसी भी प्रकार की आवश्यकता हुई उसे विश्वास था कि हमारी समस्या का समाधान यहीं होगा और सांसद जी उसकी हरसम्भव सहायता करते रहे। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए भाजपा अध्यक्ष श्री राजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जब वह महापौर रहे उसके बाद जब वह सांसद चुने गए कार्यकर्ता और आम नागरिक के लिए उन्होने अपने घर के दरवाजे सदैव खुले रखे तथा समस्याओं का समाधान करने में कभी पीछे नहीं रहे। इस अवसर पर स्वर्गीय श्यामाचरण गुप्ता के सुपुत्र श्री विदुप अग्रहरि ने कहा कि मुझे मेरे पिता ने गरीब व पीड़ित की सेवा करने से पीछे मत रहना जिनके आशीर्वाद से मैं भी उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रयास कर रहा हूँ 25000 लोगों को रोजगार दिया है हमारा लक्ष्य 75000 लोगों को रोजगार दें। उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिया कि मैं सदैव आपके बीच रहते हुए अपने पिता के आदर्शों के अनुरूप काम करता रहूंगा। कार्यक्रम संयोजक श्री विजय गुप्ता ने स्वर्गीय सांसद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेताओं और समाजसेवियों के लिए वह प्रेरणा स्रोत रहे हैं श्रद्धांजलि सभा मे मुख्य रूप से सर्वश्री सतीश अग्रवाल गुप्ता कुंज बिहारी मिश्रा पांडेय प्रमोद गुप्ता राकेश सिंह सरोज गुप्ता संतोष जैन अशोक गुप्ता सुधाकर पांडेय राजेश गौडआरती केसरवानी रानी केसरवानी विजय श्रीवास्तव अश्वनी पटेल सोनी गुप्ता विश्वनाथ प्रताप सिंह रोहित जायसवाल जय श्री गुप्ता उज्जवल जैन रेखा गुप्ता राहुल अग्रवाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### स्वर्वेद मानव जाति के उत्थान का आध्यात्मिक सद्ग्रन्थ है



**झूंसी।** भारतीय नव वर्ष पर सम्पूर्ण भारत के साथ विश्व के कुछ देशों में मंगलवार को एक बैनर एक दिन एक समय विश्वव्यापी स्वर्वेद यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। झूंसी में पुलिस बूथ से स्वर्वेद यात्रा का शुभारंभ हुआ यात्रा जीटी रोड होते छतनाग रोड फिर महर्षि सदाफल आश्रम पहुची जहा यात्रा का समापन हुआ। आयोजक राम बाबू केशरवानी ने बताया कि स्वर्वेद मानव जाति के उत्थान का आध्यात्मिक सद्ग्रन्थ है, इसके शब्द-शब्द में अदभुत चमत्कार भरा हुआ है। यह दिव्यवाणी है, अमृतवाणी है। इसके श्रवण मात्र से शुभ संस्कारों का उदय होता है। अविद्या, अहंकार नष्ट होता है, जिससे आध्यात्मिक ज्ञान का विमल प्रकाश प्राप्त होता है। स्वर्वेद यात्रा में विजय बहादुर सिंह, अशोक कुमार निषाद, शिवपूजन सिंह, राम दर्शन, विवेक श्रीवास्तव, श्रीकांत शर्मा, शशि कुमार एवं वंदना निषाद सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# हिन्दू नववर्ष का प्रारम्भ मातृशक्तियों ने किया दिव्य शंखनाद

## सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल ने रंगारंग कार्यक्रम में हिंदू नव वर्ष की खुशियां मनाई

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल एवं भारत विकास परिषद लक्ष्य शाखा द्वारा भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के स्वागत समारोह का आयोजन सारस्वत गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, अध्यक्ष नीरज जयसवाल, महामंत्री स्वाती निरखी, पार्षद पंकज जयसवाल, पवन श्रीवास्तव,आशुतोष सिंह (आशू), अनिल गुप्ता उपाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। पार्षद पंकज जयसवाल ने नव संवत्सर के विषय पर प्रकाश डाला। सनातन परंपरा के अनुसार सभी गणमान्य अतिथियों का भगवा पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन तान्या निरखी ने किया। सर्वप्रथम स्वाती निरखी के नेतृत्व में 11 मातृशक्तियों ने दिव्य शंखनाद द्वारा हिन्दू नव वर्ष का प्रारम्भ किया । प्रख्यात गायिका स्वाती निरखी ने अपने भजनों के माध्यम से श्रोताओं का मन मोह लिया तत्पश्चात नवरात्रि की पूर्व संध्या पर महिषासुर वध का नाट्य मंचन करके देवी स्वरूप ने सभी को आशीर्वाद दिया। रंगारंग कार्यक्रम में कनकधारा ग्लोबल ग्रीन्स के अध्यक्ष संजय पुरुषार्थी द्वारा गायक मनोज गुप्ता, हरे राम द्विवेदी एवं संदीप द्विवेदी को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में डॉ केपी जायसवाल महामंत्री सुनील जायसवाल कोषाध्यक्ष विजय जायसवाल रघुनाथ द्विवेदी गोपाल बाबू जयसवाल, अनुराग जयसवाल अन्य विशेष गणमान्यजनों ने खुशियां मनाई भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अनूप चंद्र जैन अरुण जायसवाल, निशा जयसवाल, अजीत, रविंद्र साहू राकेश मित्तल आदि लोगों ने हिंदू नव वर्ष की खुशियां मनाई रंगारंग कार्यक्रम में सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल ने सभी को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## आरएएफ कमांडेंट ने जवानों के साथ कैम्प में मनाया शौर्य दिवस




फाफामऊ । 101 आर.ए.एफ. के प्रांगण में मंगलवार को "शौर्य दिवस" मनाया गया। आज ही के दिन 1965 को पश्चिमी भारत-पाक सीमा पर कच्छ के रन में सरदार एवं टाक पोस्ट में तैनात केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की 2ल्ल वाहिनी की एक छोटी सी बहादुर टुकड़ी द्वारा पाकिस्तानी आर्मी के 3500 सेनाओं वाली एक विशाल ब्रिगेड को खदेड़ देने वाली घटना सैनिक युद्ध के इतिहास में अद्वितीय मिसाल है। यह गाथा बहादुरी, कर्तव्य परायणता और मातृ-भूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले बल के०रि०पु बल का गौरवमयी इतिहास है। इसी कारण हर वर्ष 9 अप्रैल को "शौर्य दिवस" पूरे देश में मनाया जाता है। वाहिनी के कमाण्डेन्ट श्री मनोज कुमार गौतम ने परम्परागत तरीके से क्वार्टर गार्ड में सलामी ली तथा जवानों व अधिकारियों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। उक्त अवसर पर कमाण्डेन्ट महोदय ने वाहिनी के जवानों व अधिकारियों को उनकी कर्तव्य परायणता के लिए प्रेरित किया और बल के गौरवशाली परम्परा को बनाये रखने के लिए कहा। अन्त में उन्हे कर्तव्य के बारे में समझाते हुए देश और जनहित को सर्वोपरि बताया। उक्त अवसर पर कला प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें 101 वाहिनी परिवार के बच्चों ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर कैम्प परिसर में विभिन्न प्रकार के कार्यकमों जैसे- अंतर वाहिनी बॉली-बाल मैच, तथा सभी मेसों में बड़ाखाना का आयोजन किया गया तथा 101 आर.ए.एफ. की एक टीम शहीद वरूण कुमार तिवारी, ग्राम- लोनाखका, होलागढ़, प्रयागराज के परिवारजनों से मिलें व उन्हें उपहार भेंट किये। इस अवसर पर पुर्नवसु तिवारी, (द्वि. कमा.अधि.), बृजेश कुमार दुबे (उप कमाण्डेन्ट), नीरज कुमार (उप कमाण्डेन्ट) तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान उपस्थित रहे।

# महाकुंभ की दिव्यता के लिए बलि चढ़ेंगे नौ सौ जीवनदायी पेड़, चौड़ीकरण में 80 से अधिक पेड़ उखाड़े गए

**प्रयागराज।** ग्रीन सिटी के रूप में दिखने वाली संगमनगरी में महाकुंभ की दिव्यता के लिए नौ सौ से अधिक जीवनदायी पेड़ों की बलि चढ़ाई जाएगी। अलग-अलग सड़कों के चौड़ीकरण, सुंदरीकरण परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए लंबी मशक्कत के बाद इन पेड़ों को काटने की अनुमति ली गई है। इनमें से सौ से अधिक पेड़ अब तक जेसीबी से उखाड़े जा चुके हैं।दर्जनों आक्सीजन प्रदाता पेड़ों की जड़ें इस कदर खोदी या हिला दी गईं हैं कि उनका सूखना तय है। कहा जा रहा है कि अगर शिफ्टिंग तकनीक का सहारा लिया जाता तो इन पेड़ों को खत्म होने से बचाया जा सकता था। लेकिन, अफसर शिफ्टिंग को सफल नहीं मा रहे हैं। एक तरफ जहां शहर से दूर होती हरियाली को बचाने के लिए मशक्कत की जा रही है, वहीं स्मार्ट सिटी के तहत सड़कों के चौड़ीकरण, नाला, सीवर लाइन और यात्री शेड के निर्माण के चक्कर में लहलहाते हरे पेड़ जेसीबी से उखाड़ दिए जा रहे हैं।जार्जटाउन में सीवाई



चिंतामणि रोड की दोनों पटरियों पर इसका नमूना देखा जा सकता है। वहां 50 से अधिक बरगद, सहजन, नीम, पीपल और पाकड़ जैसे आक्सीजन देने वाले पेड़ों की जड़ें खोद दी गई हैं। कई पेड़ों की जड़ें कटकर सड़कों पर सूख रही हैं। जबकि, पचासों पेड़ उखाड़ दिए गए हैं। महाकुंभ के तहत इस सड़क का चौड़ीकरण पीडीए की ओर से कराया जा रहा है। इसी तरह गवर्नमेंट प्रेस चौराहे से एजी ऑफिस होते हुए सरोजिनी नायडू मार्ग पर भी दर्जनों पेड़ों की जड़ें काटने के साथ ही उखाड़ दी गईं हैं।ऐसे उजड़े और टूटकर गिरे कई पेड़ों को मलबे में दबा दिया गया है। पीडीए के सचिव अजीत कुमार सिंह का कहना है कि जिन पेड़ों को बचाया जाना संभव नहीं हो पा रहा है, वही काटे जा रहे हैं। इसके लिए हाईकोर्ट के निर्देशन में बनी कमेटी की ओर से ऐसे पेड़ों को काटने की अनुमति ली गई है। रही बात पेड़ों की शिफ्टिंग कराने की तो इसके लिए अभियंताओं से मशविरा किया जाएगा। इस कमेटी में डीएम नवनीत सिंह चहल भी शामिल हैं। जितने पेड़ कटेंगे उनकी तुलना में 10 गुना अधिक पेड़ लगाए जाएंगे, ताकि ग्रीन कुंभ का सपना साकार हो सके।

जितने कटेंगे उससे 10 गुना अधिक पेड़ लगाकर बनाएंगे ग्रीन कुंभ : मेलाधिकारी कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद का कहना है कि महाकुंभ की सड़क परियोजनाओं की जद में तीन हजार पेड़ चिह्नित किए गए थे, लेकिन अथक प्रयास के बाद अब सिर्फ नौ सौ ही काटे जाएंगे। इसके सापेक्ष अरैल से फाफामऊ के बीच दो लाख से अधिक पौधे लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। जितने पेड़ कटेंगे, उससे 10 गुना अधिक लगाए जाएंगे। ताकि ग्रीन कुंभ की सोच फलीभूत हो सके। इसके लिए बड़ी संख्या में पौधे लगाए जा चुके हैं। रही बात पेड़ों की शिफ्टिंग की तो यह तकनीक सफल नहीं है। ऐसे में पेड़ों की शिफ्टिंग करना संभव नहीं हो पा रहा है। रेलवे की ओर से शिफ्ट कराए गए 12 में से 11 पेड़ बचाए गए पिछले वर्षों में जिले में कई पेड़ों की शिफ्टिंग कराई जा चुकी है। दारागंज, झूंसी समेत कई जगहों पर बाधा बनने वाले 12 पेड़ों की रेलवे की ओर से सफलतापूर्वक शिफ्टिंग कराई जा चुकी है। रेलवे विकास निगम के महाप्रबंधक वीके अग्रवाल का कहना है कि परेड और आसपास के इलाकों में जिन पेड़ों की शिफ्टिंग कराई गई, उनमें से 11 पेड़ बचा लिए गए और वह पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# ईद की खरीदारी उफान पर, पूरी रात खुल रहे बाजार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माह-ए-रमजान के आखिरी अशरे की भी विदाई होने वाली है। इस बार 29वें रमजान के चांद की उम्मीद है। मंगलवार को यदि 29 का चांद नजर आ गया तो बुधवार को ईद हो जाएगी। यदि चांद की तस्दीक नहीं हुई तो 30 का चांद माना जाएगा और गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। ईद को महज एक से दो रोज ही बचे हैं। ऐसे में खरीदारी उफान पर है। शहर का चांदनी चौक कहलाने वाला बाजार रोशन बाग इन दिनों पूरी रात रोशन हो रह है। आधी रात तक तो महिलाओं की खरीदारी से यह बाजार गुलजार है। इसके साथ ही नूरुल्ला रोड, चौक, बजाजा पट्टी, मोहम्मद अली पार्क, वारांडा आदि में भी आधी रात तक ईद की खरीदारी चल रही है। बाजार में इतनी भीड़ उमड़ रही है कि पैदल चलना भी मुश्किल है। रोशनबाग बाजार के दोनों साइड की सड़कों को तो वाहनो के लिए बंद कर दिया गया है। इसके अलावा सिविल लाइंस, कोठा पारचा और कटरा बाजार, अटाला, करेली बैरियर, खुल्दाबाद, नखासकोहना में भी ईद की खरीदारी को लोगों की भीड़ जुट रही है। कुर्ता, चप्पल, जूते की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ : ईद की खरीदारी पूरे रमजान चलती है। आखिर में कुर्ता, पायजामा, चप्प्ल, जूता समेत अन्य सामान खरीदने के लिए भीड़ उमड़ रही है। चौक, रोशनबाग, नूरुल्ला रोड, सिविल लाइंस में सबसे ज्यादा भीड़ कुर्ता पायजामा और जूतों चप्पलों की दुकानों पर हो रही है। इसके अलावा आखिरी वक्त में घर को सजाने वाले सामान खूब खरीदे जा रहे हैं। रोशनबाग और चौक में घर सजाने वाले सामानों की बिक्री खूब हो रही है। महिलाएं पर्दों का सेट, बर्तन, फूलदान, गुलदस्ते आदि खरीदने पहुंच रही हैं। ईद की खरीदारी पर महंगाई का असर नहीं : महंगाई का असर ईद की खरीदारी पर बिल्कुल भी नजर नहीं आ रहा है। सेवईं से लेकर मेवों तक के दाम चढ़े हैं लेकिन त्योहार की खुशियों के आगे असर नजर नहीं आ रहा है। सेवईं की कीमतों में 30 रुपये से लेकर 50 रुपये प्रतिकिलो का फर्क आ गया है। सेवईं के ब्रांड के मामले में प्रयागराज काफी मशहूर है। यहां सेवईं के थोक कारोबार की वजह से पुराने शहर के एक इलाके का नाम ही सेवईं मंडी है। नखासकोहना से लेकर कोतवाली तक सेवईं की दर्जनों दुकानें हैं। फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार के नाम पर पड़ी दिलीप सेवईं प्रयागराज से कई राज्यों में सप्लाई होती है। यहां थोक के अलावा फुटकर सेवईं के कई सेंटर हैं। जो सेवईं पिछले साल 70 रुपये किलो थी वह अबकी 110 रुपये किलो तक बिक रही है।

### विधायक पूजापाल के ऊपर लगा दलित की जमीन कब्जा करने का आरोप

**प्रयागराज।** विधायक पूजा पाल पद का दुरुपयोग करते हुए दलित की जमीन पर जबरन कब्जा कर रही हैं। पीड़ित महिला रीता भारतीय ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि विधायक पूजा पाल 2012 में बासपा की विधायक थी और उस वक्त उमरपुर नींवा गांव में स्थित मेरी जमीन पर विधायक पूजा पाल के द्वारा जे०सी०बी० चलवाकर समतल कराया गया समतल कराने के बाद जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई।विधायक पूजा पाल के द्वारा अवैध कब्जा करने के दौरान पीड़िता ने स्थानीय थाना पुलिस सहित उच्च अधिकारियों को सूचना दिया फिर भी कोई मदद नहीं मिली। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद राहत मिली। उमरपुर नीवा स्थित आराजी संख्या 207 रवेंद्र प्रकाश ने अपनी पत्नी रीता भारतीय के नाम 2010-11 में रजिस्ट्री कराई है। 12 वर्ष बीत जाने के बाद एक बार फिर उमरपुर नीवा स्थित आराजी संख्या 207 पर विधायक के भाई राहुल पाल, पवन कुमार, गुड्डू यादव उर्फ नाटे, विमल पण्डित व गनर तथा 15-20 अन्य लोग दिनांक 5/4/2024 को पहुंचे और कब्जा करने लगे। पीड़ित के द्वारा डायल 112 को सूचना देकर अवगत कराया तथा स्थानीय चौकी प्रभारी को सूचना दी गई। चौकी प्रभारी और डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया और नाप के बाद निर्माण करने के लिए कहा गया लेकिन चौकी प्रभारी और डायल 112 के चले जाने के बाद रात होते ही उक्त जमीन पर विधायक पूजा पाल के लोग बाउण्ड्री करना शुरू कर दिए हैं।

### विंध्याचल मेला के लिए रेलवे की तैयारी, नहीं होगी दिक्कत

**टिकट काउंटर, पूछताछ, खोया पाया केंद्र बनाए गए, ट्रेनों की समय सारिणी के बोर्ड मेला क्षेत्र में लगे**

**प्रयागराज।** विंध्याचल में चैत्र नवरात्रि मेला के मद्देनजर रेलवे ने खास तैयारियां की हैं। मेला की वजह से हर रूट की अहम ट्रेनों को विंध्याचल स्टेशन पर स्टॉपेज देने के साथ ही यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने 9 से 23 अप्रैल तक चलने वाले विंध्याचल चैत्र नवरात्रि मेला के मद्देनजर अहम ट्रेनों में आरक्षण के लिए अलग से इंतजाम किया है। साथ ही विंध्याचल में जगह जगह ट्रेनों की समय सारणी, किराया सूची, प्रवेश, निकास और अनारक्षित टिकट काउंटर बोर्ड लगाए गए हैं। 5 नए टिकट काउंटर खोले गए हैं ताकि यात्रियों को लंबी लाइन न लगानी पड़े। एक खोया पाया केंद्र और एक पूछताछ केंद्र खोल दिया गया है। यात्रियों को आसानी से टिकट मिले इसके लिए टिकट काउंटर पर 14 अतिरिक्त स्टाफ लगाए गए हैं। 15 टिकट चेकिंगस्टाफ की ड्यूटी लगी है। टिकट मेला बुकिंग घर के नाम से नए काउंटर बने हैं। **वाटर कूलर, टॉयलेट का इंतजाम भी हुआ :** आरक्षण काउंटर को दोनों पालियों में संचालित किया जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 5 वाटर प्वाइंट लगे हैं। साथ ही यात्रियों के लिए 10 स्नान घर और 20 टॉयलेट भी बनाए गए हैं। मेला के मद्देनजर करीब 30 ट्रेनों को विंध्याचल में ठहराव दिया गया है। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि विंध्याचल स्टेशन पर ज्यादातर ट्रेनो को ठहराव दिया जा रहा है। इसकी समय सारिणी पहले जारी की जा चुकी है।

### आग से बाइक समेत गृहस्थी जलकर खाक

**मांडा।** क्षेत्र के बभनी हेठार गाव मं अज्ञात कारणों से रहायसी मकान मे भीषण आग लग गई। इससे बिके समेत गृहस्थी का सारा समान जलकर खाक हो गया। गौरतलब हो कि मांडा के बभनी हेठार गाव निवासी कमला शंकर पुत्र हरिदास के रहायसी मकान मे मंगलवार की शाम अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इससे भुक्तभोगी परिजनों साहित ग्रामीणों मे अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों की घंटो की कड़ी मशक्क्त के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक मकान मे रखी बाइक,अनाज साहित गृहस्थी का सारा समान जलकर खाक हो गया। उक्त आगजनी को लेकर भुक्तभोगी के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। वहीं आगजनी की सूचना पर हल्का लेखपाल राघवेंद्र यादव ने मौके का मुआयना कर भुक्तभोगी को सम्भवतः मदद का आश्वासन दिया है।

# नवरात्रि के प्रथम दिन देवी मंदिरों में हुई शैलपुत्री की पूजा

## बेल्हा देवी मंदिर पर हजारों की संख्या में आये श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**



बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन करने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

**प्रतापगढ़।** शक्ति व समृद्धि की प्राप्ति के लिये देवी की उपासना के सर्वोत्तम काल नवरात्रि के पहले ही दिन देवी मंदिरों में शैलपुत्री की पूजा हुई। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस परम्परा के अनुयायियों ने घर में कलश स्थापना के साथ ही नौ दिन की पूजा का क्रम प्रारंभ कर दिया। जिले के प्रसिद्ध शक्ति स्थल चन्द्रिकन और बाराही धाम पर भोर में तीन बजे से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरु हो गया। नगर स्थित बेल्हा देवी मंदिर पर पहले दिन हजारों की संख्या में आये श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया।

भारतीय संस्कृति में आदि रुपा मां दुर्गा जनमानस की कल्याणकारिणी हैं। ज्ञानी जनों के चित्त को मोह में डालने वाली महालक्ष्मी ने कैटभ तथा मधु को वशीभूत करके महिषासुर का संहार किया। आपत्तियों को दूर करके जन-जन का कल्याण करती हैं मां। नवरात्र का पर्व देवी की आराधना बन जाता है। आध्यात्मिक एवं धार्मिक चिंतन में देवी का सानिध्य भक्तों को पुलकित करता है। पुराणों एवं प्राचीन ग्रंथों में आदिकाल से शक्ति सम्पन्न भगवती के अनवरत पूजा महिमा के साथ होती आ रही है। मां दुर्गा देवी के सन्दर्भ में एक ओर प्रसंग भी प्राप्त होता है कि देवों असुरों में सौ वर्ष युद्ध हुआ। देवी के प्रमुख इन्द्र को महिषासुर ने पराजित करके इन्द्र पद प्राप्त कर लिया। पराजित देवतागण ब्राह्मण के नेतृत्व में शंकर और विष्णु के पास गये और यथावत बताया। सम्पूर्ण देवताओं के शरीर से प्रकट तेज एक नारी के रुप में बदल गया। इसी समय कल्याणकारी देवी प्रकट हुई। देवी के उच्च स्वर में अट्ठहास से आसन गूंज उठा, धरती कांपी, पर्वत डगमगाए। देवताओं ने सिंह वाहिनी भवानी की जय-जयकार किया।

महिषासुर ने सेना संहार देखकर भैंसे का रुप धारण कर लिया। वह पृथ्वी खोदने लगा। देवी ने उसका शीश अपने शस्त्र से काट डाला। नवरात्र पर मां दुर्गा के विविध स्वरुपों की पूजा अर्चना की जाती है। शक्ति अर्चना के नौ दिनों में उनकी आराधना होती है। प्रथम पर्वतराज हिमालय के यहां जन्मी शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चंद्रघण्टा अर्थात गले का अग्रभाग घंटे के समान, चतुर्थ कूष्माण्डा अष्टभुजा अहं, अज्ञान नाशक, पंचम स्कंद माता षडानन कार्तिकेय की मां, षष्ठ कान्तिस्वरुपा कात्यायनी, सप्तमी कालरात्रि, अष्टम महागौरी और नवम् दिन सिद्धिदात्री फल प्रदान करने वाली है। जिले में चैहर्जन स्थित बाराही धाम और अंतू के निकट स्थित चन्द्रिकन धाम देवी के शक्ति स्थल के रुप में प्रतिष्ठित है। यहां जनपद ही नहीं अपितु प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी लोग नवरात्र के अवसर पर देवी के स्वरुप व दर्शन करने आया करते हैं। नवरात्र के पहले दिन इन मंदिरों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने पहुंचे। नगर स्थित सई नदी के तट पर स्थापित बेल्हा देवी मंदिर भी शक्ति स्थल के रुप में प्रतिष्ठित है। यहां भी नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। पहले दिन भोर में चार बजे से ही हजारों श्रद्धालुओं की लाइन लग गयी। दिन भर देवी की पूजा अर्चना का क्रम चलता रहा।

# सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर हिंदू नव वर्ष का किया स्वागत

## भारतीय नव वर्ष पर चिलबिला प्राचीन हनुमान मंदिर पर हुए विभिन्न आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



सूर्य भगवान को अर्घ्य देते श्रद्धालु।

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर समिति चिलबिला पर हनुमान भक्तों ने हिंदू नव वर्ष (विक्रम संवत् 2081) का स्वागत गत वर्षो की भांति सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर नव वर्ष का स्वागत किया। सुबह ही हनुमान भक्तों के साथ महिला मंडल की मातृ शक्तियों ने विधिवत पूजन अर्चन कर सूर्य भगवान को अर्घ देकर हुआ। नवरात्रि के प्रथम दिन माता रानी का पूजन कर नए वर्ष का स्वागत किया। सुबह सुंदरकांड का पाठ व भजन- कीर्तन का शुभारंभ हुआ और पूरे दिन चलता रहा।

मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सुबह सूर्य भगवान को अर्घ देकर हनुमान जी महाराज, माता रानी, राम दरबार, भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर आरती उतारी। हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की सभी भक्तों का कल्याण करें। रोशनलाल उमरवैश्य सभी जनपद वासियों को हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि हम सबको सनातन धर्म को बढ़ावा देना चाहिए तभी हमारी संस्कृति बचेगी। यह नववर्ष इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है कि प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर बन जाने से 500 वर्ष बाद अपने प्रभु का दर्शन कर पा रहे हैं। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर तुलसीराम, छेदीलाल, रामगोपाल, कपिल देव, सुरेंद्र पूर्व सभासद, बृजनंदन, सुरेश माली, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, श्याम बाबू, राकेश कुमार, सूरज उमरवैश्य, मंजू देवी, गीता देवी, कंचन देवी, रेखा उमरवैश्य, सीता, सोनू महाराज, शनि महाराज एवं महिला सत्संग मंडल की सभी मातृ शक्तियों ने गाजे-बाजे के साथ हिंदू नव वर्ष का स्वागत किया।

# ससुराल आए पत्रकार का सड़क किनारे मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक न्यूज़ चैनल के पत्रकार का संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात सड़क किनारे लाश मिली है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा भरवाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।फैजाबाद जनपद की रौनाही थाना क्षेत्र के खमरिया गांव के इंद्र देव सिंह के बेटे अजय कुमार सिंह (38) फैजाबाद जनपद में एक न्यूज़ चैनल की पत्रकार हैं। वह इन दिनों दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सराय गनई गांव स्थित अपनी ससुराल के बगल एक व्यक्ति के यहां रह रहे थे। सोमवार की रात नौ बजे घर से निकलकर सरायगनई चैराहे पर आया था जहां देर रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे लाश मिली। मौत की सूचना पर पहुंची दिलीपपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलने पर मृतक के ससुराल व उसके घर पर कोहराम मच गया। मृतक अजय कुमार सिंह की शादी 15 वर्ष पूर्व दिलीपपुर थाना क्षेत्र की सराय गनई गांव के चंद्र प्रताप सिंह की बेटी सीमा सिंह के साथ हुई थी। जिनके दो लड़के दिव्यांशु (11) व सुधांशु (8) वर्ष हैं। पत्नी सीमा सिंह प्राथमिक विद्यालय श्रीनाथपुर में शिक्षामित्र के पद पर तैनात है। मृतक का विवाद पत्नी से कई वर्षों से चल रहा था, लेकिन मृतक ससुराल के बगल एक ही युवक के यहां हमेशा आता जाता रहता था। एसओ दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आगजनी में गेहूं की कीमती फसल हुई राख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों से मंगलवार की दोपहर खेत में हुए आगजनी में गेहूं की कीमती फसल जलकर राख हो गयी। लालगंज के सराय लालमती निवासी वशिष्ठमुनि द्विवेदी के खेत मे दोपहर अचानक आग की लपटें फैल गयी। पीड़ित का दो बीघे में गेहूं की फसल नष्ट हो गयी। ग्रामीणों के प्रयास से घण्टों मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

# माँ काली के मंदिर से प्रभू श्री राम कथा के लिए निकाली गई शोभायात्रा

## अखंड ज्योति मयी प्रकाश के लिए करे गायत्री यज्ञः गुलाब

**अखंड भारत संदेश**



शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण।

**मुंगरा बादशाहपुर।** मुंगरा बादशाहपुर के नगर में स्थित माँ काली जी के मंदिर से सोमवार देर शाम को श्री महाकाली जी पंचदेव सेवा समिति की तरफ से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम कथा के लिए भव्य शोभायात्रा डीजे के साथ निकाली गई, जो पूरे नगर में भ्रमण करने के उपरांत पुनः मंदिर परिसर (कथा स्थल) में पहुंचकर समाप्त हुआ।

शोभायात्रा का शुभारंभ माँ काली जी की पूजा अर्चना के बाद हुआ। माँ काली के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठाद्य रथ पर वृंदावन धाम से पधारी कथा वाचक सुश्री प्रज्ञा जी विराजमान थी। ध्वनि प्रसार यंत्रों से प्रसारित प्रभु श्री राम से संबंधित गीतों से पूरा कस्बा राम मय हो गया। रथ के आगे भक्तजन धर्म पताका चल रहे थे। मुख्य रूप से श्याम लाल साहू, पवन ऊमर वैश्य, दीपक अग्रवाल, गुड्डू भोज्यवाल, मनोज कुमार जायसवाल बबलू, नीरज केसरी, अनूप गुप्त, मनोज कुमार गुप्त, नितिन सेठ, धनश्याम ऊमर वैश्य आदि थे। उधर मुंगरा बादशाहपुर के स्टेशन रोड पर स्थित माँ गायत्री शक्तिपीठ पर नवरात्र पर्व पर पांच कुंडयी गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रथम दिन मंगलवार को महिलाएं व पुरुष मंदिर पर पहुंचकर माँ के चरणों में समर्पण भाव से माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त कियाद्य स्वच्छ परिधानों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता को हवन सामग्री आहूति की। परिवार वह जनकल्याण के लिए आराधना किया। इस दौरान शक्तिपीठ के आचार्य गुलाब जी ने यज्ञ के महत्व को विस्तार से समझायाद्यकहा कि आत्म विकास के लिए यज्ञ जरूरी है। यह अखण्ड ज्योति मयी प्रकाश है। इसके प्रकाश से मानव जीवन में अज्ञानता रूपी अंधकार दूर हो जाता है। मुख्य रूप से नन्दन त्रिपाठी, राजेन्द्र साहू, डॉ एस पी सिंह, लालमिनी देवी, हेमन्त शर्मा, माया शर्मा, लालमनी मौर्य आदि रहे।

## सुरक्षा के संबंध में अंजुमन सदर ने थानाध्यक्ष को दिया पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**मुंगरा बादशाहपुर।** मुंगरा बादशाहपुर के अंजुमन रिफाउल मुस्लिमीन के सदर तहसीमुलहक बन्ने भाई ने मंगलवार को थानाध्यक्ष को ईद पर्व पर सुरक्षा के संबंध में पत्र दिया है, जिसमें ईद पर्व पर सभी मस्जिदों पर नमाज पढ़ने के समय मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है, ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण व भाईचारे के माहौल में संपन्न हो जाए। मस्जिदों पर नमाज पढ़ने का समय सारणी भी दिया है।

# वासन्तिक नवरात्र पर कथा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, भक्त हुए मंत्रमुग्ध

**अखंड भारत संदेश**



नगर में निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वासन्तिक नवरात्रि के पहले दिन मंगलवार को नगर में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा कथास्थली से लालगंज बाजार के चैक होते हुए हरिहरमंदिरम पहुंची। यहां वैदिक पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालु जंगली वीर बाबा धाम पहुंचे। गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर द्वारिकाधीश के जयघोष में मंत्रमुग्ध दिखी। कलश यात्रा में प्रयागराज के कथाव्यास स्वामी सम्पूर्णानन्द जी महराज का भी श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कलश यात्रा के संयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल तथा मुन्ना लाल जायसवाल व मीरा जायसवाल ने श्रद्धालुओं का टीका कर अभिषेक किया। अनारा, अनीता, रागिनी, खुशबू, दीपक, संजय, पूनम, सोनी, शारदा, सतीश, शिवकुमार जायसवाल ने भगवान द्वारिकाधीश व वेदीपूजन किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद आशीष जायसवाल, मक्खन शुक्ला, कमला प्रसाद जायसवाल, विजय कौशल, रामप्रकाश जायसवाल गामा, मोतीलाल जायसवाल, समाजसेवी रामजी जायसवाल, अनिल त्रिपाठी महेश, छोटे लाल सरोज, मुकेश जायसवाल, आदर्श मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामखेलावन जायसवाल, उर्मिला जायसवाल, उषा जायसवाल, निशा, निखिल, राहुल, संदीप, नीतू, सीमा, अमृत लाल, आशा, रीता, दिपिका, विजय कुमार, अरूण आदि मौजूद रहे।

## लाखों के उड़ाये गहने व सामान, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर में कूदकर लाखों के जेवरात तथा गृहस्थी के सामान पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के जेवई सीताराम का पुरवा निवासी नागेन्द्र तिवारी के घर बीती सोमवार की रात चोर छत के रास्ते घर में घुस गये। चोरों ने घर में ताला तोडकर लाखों के सोने चांदी के जेवरात तथा कीमती गृहस्थी के सामानों पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह परिजन सोकर उठे तो चोरी हुई देख आवाक रह गये। परिजनों ने घटना के बाबत पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सत्य नारायण मिश्र की भांजी बनीं लेफ्टीनेंट, लोगों ने दी बधाईयां

**अखंड भारत संदेश**



वैष्णवी त्रिपाठी।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वैष्णवी त्रिपाठी ने देश की सबसे बड़ी डीफेन्स एनडीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर लेफ्टीनेंट के पद पर चयन हुआ है। वैष्णवी शुरू से ही पढ़ाई के दौरान अच्छे अंक प्राप्त करतीं रहीं हैं। कड़ी मेहनत व लगन से आज अपने माता-पिता के सपनों को साकार करते हुए नात रिस्तेदारो का सिर ऊंचा कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।बता दें कि जनपद के बाराबंकी जिले में वैष्णवी त्रिपाठी की माता माधुरी त्रिपाठी प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य की पद पर कार्यरत हैं। पिता स्व रवि शंकर त्रिपाठी के सपनों को साकार करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित की है। इस सफलता से वैष्णवी के मामा जनपद के पट्टी तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सूडेमऊ गांव निवासी सत्य नारायण मिश्र ने भांजी को हार्दिक बधाइयां देते हुए पूरा परिवार में खुशी का ठिकाना न रहा। मामा सत्य नारायण ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर लोगों का मुंह मिठा किया। इस दौरान वैष्णवी के मामा सत्य नारायण मिश्र, भतीजे हरि ओम मिश्र, आचार्य नवीन मिश्र, पूर्व प्रधान अरविंद मिश्र, संगम मिश्र, रिटायर्ड ग्राम पंचायत अधिकारी पंडित श्री धर तिवारी सहित गांव के सैकड़ों लोगों ने खुशियां जताईं है।

## घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर रात्रि दस बजे युवती के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के वेशार गांव की रहने वाली नेहा बनवासी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीते सात अप्रैल को रात्रि दस बजे अंतिम यादव निवासी तिवारीपुर गड़वाड़ा थाना अंतू जिला प्रतापगढ़ व एक व्यक्ति अज्ञात उसके घर में घुस गए। उसके साथ मारपीट की जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौज दिया और जान से मारने की धमकी दी। घायल युवती की तहरीर पर पुलिस ने एससी-एसटी व घर में घुसकर मारपीट गाली गलौज, धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आग लगने से परिवार खुले आसमान के नीचे कर रहे गुजारा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शार्ट सर्किट के चलते छप्परों में आग लग गई। आग लगने से कई परिवारों की गृहस्थी जल कर राख हो गई। आगजनी में परेशान परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे जीवन बसर करने को मजबूर हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के साथ सीओ आनंद कुमार राय ने पीड़ित परिवार के लोगों की मदद की थी। पुलिस के पहल से सोमवार को मदद के लिए पड़ोस गांव ढाढर की महिला ग्राम प्रधान ललिता देवी के पति शिव प्रसाद व पूर्व ग्राम प्रधान केतकर पुर जय राम यादव ने शोसल मीडिया के जरिए मुहिम चला कर पीड़ित परिवार के लोगो कि आर्थिक मदद के साथ गेहूं, चावल, दाल, तेल, नमक आदि सामान लेकर पीड़ित परिवार जनों की मदद की। बता दे की रविवार की दोपहर शार्ट सर्किट होने के कारण पिपरी मुतकरपुर गांव में छह छप्परो में आग लग गई थी। आग लगने के कारण हरी प्रसाद, नन्हेंलाल गौड़, राम शिरोमणि शर्मा, आशीष शर्मा, उदय राज शर्मा, रामसुख शर्मा, आशीष शर्मा आशियाना जल कर खाक हो गया। घर से बेघर हुए लोगों के मदद करने में बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे हैं।

## किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपियो के खिलाफ अपहरण व धमकी तथा गालीगलौज का केस दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के बलीपुर कटरा निवासी गंगाराम की पत्नी प्रभावती वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैदह मार्च को दिन में तीन बजे उसकी नाबालिग पुत्री ममता को सांगीपुर थाना के गोविंदपुर घुइसरनाथ धाम निवासी गोलू पुत्र भाईलाल वर्मा बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने जब आरोपी के घर उलाहना दिया तो आरोपी के भाई बबलू द्वारा फोन पर भददी भददी गालियां देते हुए जानलेवा धमकी दी गयी।

# दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओ से भरी बस व ट्रक में भिड़न्त, तीन मरे

## दस घायलों को भेजा गया स्वरुपरानी अस्पताल

**अखंड भारत संदेश**



घटना स्थल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**कुण्डा/परियावां/प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के हथिगवां थाना क्षेत्र के फूलमती के पास सोमवार की बीती रात लगभग एक बजे लगभग 45 सवारियों को उन्नाव से श्रद्धालुओ को लेकर मां विंध्यवासिनी मिर्जापुर दर्शन को जा रही बस की सामने से आ रही ट्रक से आमने सामने जोरदार भिड़न्त हो जाने से मौके पर तीन यात्रियों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई और दस गंभीर रूप से घायल यात्रियों को उपचार के लिए मौके पर पहुंची हथिगवा पुलिस ने एम्बुलेंस से एस आर एन प्रयागराज भेजा बाकी अन्य यात्रियों को उपचार कराने के बाद छुट्टी दे गई।

घटना की बाबत जानकारी करने पर प्रभारी निरीक्षक नन्दलाल सिंह ने बताया कि उन्नाव से विंध्याचल को दर्शन को जा रही निजी प्राइवेट बस की थाना क्षेत्र के फूलमती नाला के पास सोमवार की बीती रात लगभग 1 बजे सामने से आ रही ट्रक से आमने सामने जोरदार भिड़न्त हो जाने से बस सड़क किनारे गड्डे मे पलट गई और यात्रियों मे चीख पुकार मच गई मौके से ट्रक व बस चालक फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही कुंडा हथिगवा व महेशगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और आस पास के ग्रामीणो की मदद से बस मे फसे यात्रियों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया जिसमे तीन यात्री संध्या पुत्री रामनारायण (12) वर्षीय उन्नाव धाता निवासी, वासु लोधी (22) वर्षीय व कृष्ण कुमार (50) वर्षीय की हालत काफी नाजुक होने पर कुंडा सीएचसी ले जाया गया जंहा तीनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जब कि गंभीर रूप से घायल 10 यात्रियों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए एस आर एन प्रयागराज भेज दिया गया। बाकी अन्य लगभग 30 से 35 यात्रियों को उपचार कराने के बाद चिकित्सको ने डिस्चार्ज कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक व घायलों के परिजन लोग भी पहुंच गये। मृतकों की लिखा पढ़ी करके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया और ट्रक को कब्जे मे ले लिया। थोड़ी देर के लिए हाइवे पर आवागमन बाधित रहा जो बाद मे बहाल हो गया। मृतक के परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। बताते चलें की फूलमती के बगल नाले पर बना पुल सड़क की चैडाई के हिसाब से संकरा है जिससे हर साल दो तीन बड़ी दुर्घटनाएं होती है। बाहरी चालक रात के समय अंदाजा नही लगा पाते और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं, हालांकि अब सड़क चैड़ीकरण का काम हो रहा है और पुल भी चैड़ा किया जायेगा जिससे भविष्य की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। उधर घटना की दर्दनाक मौत को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह ने मौके पर जिलाधिकारी संजीव रंजन एसपी सतपाल अंतिल को भेजा। साथ में एएसपी संजय राय उप जिलाधिकारी कुंडा भरत राम व सीओ अजीत सिंह भी पहुँचे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद दुर्घटना के कारण की जाँच के आदेश दिये। सड़क हादसे मे हुई तीन मौत के मामले मे मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की ईश्वर से कामना किया।

# नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री के रूप में भक्तों ने की माता की पूजा

**शीतला धाम कड़ा सहित माँ दुर्गा मंदिर मंझनपुर और माँ झारखंडी देवी पूरब पश्चिम शरीरा में मां के दर्शन को पूरे दिन लगी रही महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन शक्तिपीठ माता शीतला धाम कड़ा वासिनी सहित जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में माँ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही उमड़ रही है। सुबह मंगला आरती के बाद मां के दर्शन के लिए मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही जनपद मुख्यालय मंझनपुर के अति प्राचीन दुर्गा मंदिर में सुबह से मां दुर्गा के दर्शन करने के लिए महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही इसी तरह पूरब पश्चिम शरीरा स्थित मां झारखंडी देवी के अति प्राचीन मंदिर में भी नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। कड़ा में मंगला आरती के समय मंदिर के पुजारी ने मां को भोग लगा कर आरती उतारी, उसके बाद श्रद्धालु पूजन दर्शन में जुट गए। 51 शक्तिपीठों में से एक मां कड़ा वासिनी शीतला धाम में नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री रूप का दर्शन किया भक्तों ने सुबह से ही मां के दर्शन पूजन के लिए मंदिर में लाइन लगा रखा था।मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों ने मां का जयकारा लगाया। माता शीतला को पूर्वांचल की अधिष्ठात्री देवी भी कहा जाता है। यहां पर सबसे अधिक दर्शनार्थियों की भीड़ पूर्वांचल के भक्तों की रहती है। नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने मां के दर्शन पूजन किए और उन्हें रोट व हलवा का प्रसाद चढ़ाया। मां के कुंड को जल व दूध से भरवाने के लिए भक्तों की लाइन लगी रही। मान्यता है कि मां के कुंड को भरवाने से मनोवांछित फल मिलता है शीतला धाम के पुजारी उदय पंडा ने बताया कि माता सती का यहां पर दाहिना कर (पंजा) गिरा था। जो आज भी कुंड में मौजूद है। गर्दभ वाहिनी माता शीतला को पुत्र देने वाली देवी भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भक्त सच्चे हृदय से मां की पूजा करता है उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में पूरे 9 दिन तक मां के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की सुबह से लेकर देर शाम तक भीड़ लगी रहती है।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर गम्भीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मखऊपुर गांव के रहने वाले राकेश दिवाकर पुत्र राम लखन दिवाकर पेशे से पत्रकार हैं, जो बीते शनिवार की रात थाना क्षेत्र के बूंदा चौराहे पर दवा लेने के गए हुए थे, दवा की दुकान बंद होने के कारण राकेश वही खड़े हो कर इंतजार करने लगे, तभी वहीं पर मौजूद राज कुमार पुत्र शिवभजन व राज पुत्र स्व. राकेश निवासी ग्राम बूंदा और सुरेश उर्फ सौरभ पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम पिपरी साथ ही बड़े लाल यादव पुत्र स्व. मूलचंद्र निवासी ग्राम रामपुर थाना चरवा एवं सोनू यादव पुत्र राम सजीवन निवासी ग्राम फुलवा थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, उक्त सभी एकराय होकर राकेश को गाली गलौज करने लगे और डंडा ईंट, लात घूसों बेल्ट से मारने पीटने लगे और मारपीट करते हुए राकेश को झाड़ियों की तरफ घसीटने लगे। इसके बाद राकेश ने किसी तरह से अपना बचाव किया और विपक्षियों के चंगुल से निकलकर अपनी जान बचाई। मारपीट के दौरान आरोपियों ने राकेश को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दिया ज्यादा खबर चलाओगे तो मार कर फेक देंगे गाली गलौज करते हुए चले गए राकेश दिवाकर ने बताया कि उक्त सभी खनन माफिया और दबंग किस्म के लोग हैं जिनसे उसे जान का खतरा है, क्योंकि पूर्व में कई थाना क्षेत्र में जेसीबी मशीन से हो रहे अवैध खनन की खबर उसने चलाई थी, जिसको लेकर उक्त दबंग लोग बौखलाए हुए हैं। मामले की सूचना राकेश द्वारा पिपरी थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया थाना प्रभारी ने मामले गंभीरता से लेते हुए राकेश की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए, मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सिर काटकर महिला की हत्या करने वाले पिता पुत्र को अदालत ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

अखंड भारत संदेश

**हत्या के दोषी पिता पुत्र पर अदालत ने लगाया 40-40 हजार रुपए का अर्थ दण्ड**

**कौशाम्बी।** सिर काटकर महिला की हत्या किए जाने के आरोपी पिता पुत्र के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने पिता पुत्र को हत्या का दोषी पाया और पिता पुत्र को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है साथ ही साथ हत्या के दोषी पिता पुत्र पर अदालत ने 40-40 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है महिला की हत्या के दोषी पिता पुत्र को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। थाना करारी अन्तर्गत भैला मकदूमपुर में तीन वर्ष पूर्व महिला की सिरकटी लाश मिली थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0स0 162/21 धारा 302/201/34 भादवि पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित 02 अभियुक्तों शिवम सोनी उर्फ शेरा पुत्र कैलाश चन्द एवम कैलाश चन्द सोनी पुत्र जमुना प्रसाद निवासी गण कांशीराम कालोनी, घना का पूरा थाना मंझनपुर को पुलिस ने जेल भेजा था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अभियुक्तों को निर्दोष बताते हुए दोष मुक्त किए जाने का अनुरोध किया सरकारी अधिवक्ता ने महिला की हत्या के आरोपी पिता पुत्र को कठोर से कठोर दंड दिए जाने की सिफारिश की



मंगलवार को एएसजे प्रथम ने हत्या के मुकदमे की सुनवाई करते हुए शिवम सोनी उर्फ शेरा पुत्र कैलाश चन्द एवम कैलाश चन्द सोनी पुत्र जमुना प्रसाद निवासी गण कांशीराम कालोनी, घना का पूरा थाना मंझनपुर को महिला की हत्या का दोषी पाया और दोषी पिता पुत्र को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 40-40 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से पिता पुत्र को दंडित किया गया है।

# चिंगारी से गेहूँ के खेत में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान

**बिजली विभाग की लापरवाही के चलते झूलते तार में हुआ शॉर्ट सर्किट**



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले में कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी नगर पालिका के वार्ड नम्बर आठ लियाकत अली नगर रोही के अशर्फी लाल मौर्या के गेंहू के खेत में मंगलवार को दोपहर में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते झुलते बिजली की तार की स्पार्किंग के वजह से आग लग गई,आग से गेहूँ की फसल जल कर खाक हो गयी, गनीमत रही की ग्रामीणों की मदद से आग पर जल्द काबू पा लिया गया, वरना अगल-बगल के खेतो में खड़ी फसल को भी नुकसान हो जाता बताया जाता है कि इस अग्निकांड की घटना में किसानों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने पुलिस बिजली विभाग के जेई और क्षेत्रीय लेखपाल को घटना की सूचना सूचना दी। पीड़ित किसान ने मुआवजे की माँग की,साथ ही किसानों का कहना है। की बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का नतीजा है की प्रत्येक वर्ष किसानों को काफी नुकसान होता है। खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार काफी ढीला होकर लटक रहे हैं। इनकी मरम्मत के नाम पर महज खानापूर्ती की जाती है। नतीजा है। कि किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ता है।

## पूजा करने जा रही मां बेटी को टक्कर मारने वाली स्विफ्ट डिजायर कार चालक पर मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी प्रदीप प्रजापति पुत्र गुलाब प्रजापति की बेटी किंजल प्रजापति अपने मां के साथ 1 मार्च को मंदिर पूजा करने जा रही थी उसी समय बिना नंबर स्विफ्ट डिजायर कार का चालक ने मासूम बच्ची किंजल उम्र लगभग 4 साल को जोरदार टक्कर मार दी जोरदार टक्कर लगने से मासूम बच्ची का बाया पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्विफ्ट डिजायर कार चालक गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया पीड़ित ने अपनी मासूम बेटी किंजल प्रजापति को प्रयागराज के निजी अस्पताल में इलाज करा कर ठीक होने के बाद गाड़ी का पता करने पर पता चला कि स्विफ्ट डिजायर कार अजय यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी अर्का महावीर पुर की है पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध चरवा थाने में तहरीर दी तहरीर पाकर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# ट्रैक्टर ने दो बाइको को मारी टक्कर हादसे में रेल कर्मचारी की मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जहा ईंट भट्ठे के नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने दो बाइक में पीछे से टक्कर मार दी,टक्कर लगते ही एक बाइक पर सवार तीन लोग सड़क पर गिर गए,जिन्हे गंभीर चोट आई है,वही बाइक सवार रेल कर्मचारी ट्रैक्टर के नीचे आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई,घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला भेजा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। हादसे की जानकारी जैसे ही हादसे के शिकार लोगों के परिवार को मिली परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के तिलैया टीकुर के पास स्टेट हाइवे पर डाइवर्जन के चलते वन वे से वाहन गुजारे जा रहे है,वही कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई जलालपुर निवासी रेलवे कर्मचारी सोहन लाल उम्र 38 वर्ष पुत्र धनराज अपनी बाइक से प्रयागराज इलाज के लिए जा रहा था,तभी अचानक पीछे से नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने पीछे से दो बाईकों में टक्कर मार दी,टक्कर लगते ही बाइक सवार रेल कर्मचारी सोहन लाल सड़क पर गिरा गया और ट्रैक्टर के नीचे आ गया,जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में दूसरी बाइक सवार

**बाइक पर सवार पिता पुत्र सहित तीन लोग गंभीर घायल अस्पताल में किए गए भर्ती**



शिव पूजन लोधी निवासी खोरा मंझनपुर कुमार उम्र 26 वर्ष पुत्र मैकू लाल,थाना कौशाम्बी उम्र वा मैकू लाल उम्र 60 वर्ष पुत्र शिवदानी सहित तीन लोग लहूलुहान हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुड़ गई है वही दूसरी बाइक पर सवार पिता पुत्र सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए,घायलों को ग्रामीणों और पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है,जहा उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# डुप्लीकेट आधार कार्ड बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले राजस्थान और लखनऊ के 3 शातिर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले में भोले भाले ग्रामीण लोगो से उनके आधार कार्ड लेकर उसे अपडेट कर सरकारी योजनाओं का फायदा दिलाने के नाम पर साइबर फ्रॉड करने वाले 3 अंतर्राज्यीय शातिर युवकों को पुलिस की साइबर सेल टीम ने गिरफ्तार किया है शातिर युवकों के पास से पुलिस को एक कार,लैपटॉप,दो फर्जी आधार कार्ड सहित तमाम वस्तुएं मिली है,पुलिस ने तीनों शातिर युवकों को लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया।एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सुभाष पुत्र स्व० लोकनाथ निवासी ग्राम बाले का पुरवा थाना मोहब्बतपुर पइसा द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गया कि अज्ञात लोगों द्वारा सोलर नलकूप स्कीम का अधिकारी बताकर उसकी माता का आधार, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की स्वहस्ताक्षरित फोटो कॉपी ले गये तथा बताए कि जल्द ही आपका सोलर नलकूप लग जाएगा। लगभग 01 सप्ताह बाद दोबारा उसके घर उक्त लोग आये और एक आधार अपडेट फॉर्म में उसकी माता जी का अंगूठा निशान लगाकर ले गए। पुनः वह लोग 06.04.2024 की शाम को उसके मोबाइल पर फोन करके आधार अपडेट करने व रुकी हुई पेंशन नकद ले लेने हेतु सैनी बुलाया जिस पर उसको शक हुआ कि उसके साथ उक्त लोगों द्वारा कोई गम्भीर फ्राड किया जा सकता है।उन्होंने घटना की गम्भीरता को देखते हुए साइबर थाने को अभियोग पंजीकृत कर सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया था।इसी क्रम में मंगलवार को साइबर क्राइम थाना पुलिस को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग 04 पहिया गाड़ी होण्डा सिटी न० यूपी 32 एमएम 1020 में सिराथू से मोहब्बतपुर पइंसा जाने वाली सड़क पर रेलवे ओवर ब्रिज के पास खड़े हैं,जो कि फर्जी आधार कार्ड बनवाकर फ्राड़ करते हैं। जिस पर साइबर थाना व सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम ने 03 शातिर युवकों पियूष श्रीवास्तव पुत्र राकेश कुमार श्रीवास्तव निवासी सी/ 166 राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ,अंशुल अवस्थी पुत्र स्व० प्रसिद्ध नारायण अवस्थी नि0 एफ 1/69 राजाजीपुर आवास विकास कालोनी थाना तालकटोरा जनपद लखनऊ और रंजीत पुत्र भवर सिंह निवासी गोवानिया थाना नासीराबाद जनपद अजमेर, राजस्थान को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने तलाशी ली तो अभियुक्तों के पास से 01 फिंगर स्कैनर डिवाइस, 01 लैपटॉप, 02 एक ही आधार नम्बर के अलग-अलग नाम के कूटरचित आधार कार्ड व 04 मोबाइल फोन बरामद किया। विधिक कार्यवाही के पश्चात शातिर युवकों को पुलिस ने न्यायालय भेजा है जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया। वही शातिर युवकों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग मिलकर सीधे-साधे व कम पढ़े-लिखे लोगों को सरकारी योजनाओ के बारे में बताकर धोखे से आधार कार्ड संशोधन फार्म में अपना व अपने लोगो का मोबाइल नम्बर डाल देते हैं तथा फिंगर स्कैनर डिवाइस पर फिंगर लगवाकर कूट रचित दस्तावेज तैयार करते हैं साथ ही साथ किसी बैंक में खाता खोलकर उस बैंक खाते में भी अपने लोगों का मोबाइल नम्बर लिंक करा देते है तथा उस बैंक खाते मे हमारे गिरोह के सदस्य आम लोगो से साइबर फ्राड के जरिए घोखाधड़ी से पैसे मंगवाते है, जिनका हम उपभोग करते है तथा हम लोगों के गिरोह का मुख्य सरगना सुनील कुमार गुर्जर उर्फ मोटी है जो सुरार खाना थाना नासीराबाद जनपद अजमेर, राजरथान का रहने वाला है, जो पहले भी कई बार इसी तरह के फ्राड में सम्मिलित रहा है एवं चर्चित पशुधन घोटाले में एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार कर जेला भेजा जा चुका है।इसी प्रकार हम लोग योजनाबद्ध तरीके से बाले का पुरवा निवासी सीता देवी का ऑनलाइन आधार कार्ड सशोधन फार्म पर हस्ताक्षर कराकर उस पर अपने लोगों का मोबाइल नम्बर डालकर आधार कार्ड अपडेट व बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया करने ही वाले थे कि हम लोग पकड़े गये।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा आयोजन शुरू



**कौशांबी।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में भव्य कलश यात्रा के साथ मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया मंगलवार को महिला पुरुष भक्तों ने सिर पर कलश रखकर प्रभु का जयकारा लगाते हुए नगर क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली श्रीमद् भागवत कथा 9 अप्रैल मंगलवार से शुरू होकर 16 अप्रैल मंगलवार तक चलेगी यजमान आद्यप्रसाद मिश्रा पत्नी सहित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करा रहे हैं। सराय अकिल कस्बे के मध्य भागवत कथा सब्जी मंडी शिव शक्ति धाम में शिव शक्ति धाम के समस्त भक्तों ने यह आयोजन किया श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर पूरे कस्बे में भ्रमण किया वृंदावन से चलकर आए कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा सुनाएंगे, शिव शक्ति धाम के पुजारी शिवकांत मिश्रा के पिताजी जजमान आद्या प्रसाद मिश्रा पत्नी मालती देवी निवासी केवट का पुरवा सब्जी मंडी शिव शक्ति धाम में कथा सुनेंगे मंगलवार को पूरे कस्बे में कलश यात्रा निकाली गई शिव शक्ति धाम के पुजारी शिवाकांत मिश्रा व समस्त भक्तों ने मिल कर मध्य भागवत कथा का आयोजन किया जिसमें भरत केसरवानी विवेक कुमार महेश रस्तोगी रमेश वर्मा अंकित तामकार सुनील सोनी आदि लोग शामिल रहेंगे।

## ट्रेन की टक्कर से अज्ञात वृद्ध की मौत, रेलवे पुलिस शिनाख्त में जुटी



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर सिराथू रेलवे स्टेशन के पास आफ लाइन पर पोल संख्या 881/19 पर आज मंगलवार शाम 7 बजे एक वृद्ध उम्र तकरीबन 60 वर्ष का शव मिला है काफी प्रयास के बाद वृद्ध की शिनाख्त नहीं हो सकी है सूचना पर रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है शव की शिनाख्त में पुलिस जुट गई है खबर लिखे जाने तक वृद्ध की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# विधायक निधि से मानक विहीन बन रही इंटरलॉकिंग

अखंड भारत संदेश

**आदर्श आचार संहिता के विपरीत विधायक निधि से सड़क निर्माण करके मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास, अवर अभियंता की देख रेख में हो रहे कार्य मे 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप**

**महगाव कौशाम्बी।** चायल तहसील के मूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनापुर मजरा हथिया भीट गांव में स्थानीय विधायक निधि से गांव के अन्दर 18 लाख रुपए की लागत से 200 मीटर इंटरलॉकिंग का काम कराया जा रहा है। जब कि इस समय लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगी हुई है और आदर्श आचार संहिता में सरकारी कार्य नहीं कराया जा सकता लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद विधायक निधि से सड़क निर्माण करा करके मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में ठेकेदार मोटी रकम बचाने के लिए मानकविहीन काम कर रहा है ठेकेदार का आरोप है कि 40 प्रतिशत कमीशन देने के बाद निर्माण कार्य उसे दिया गया है तो कैसे गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करेगा घटिया निर्माण से गांव के लोग अक्रोशित हैं और विधायक निधि से घटिया निर्माण ठेकेदार को नही करने दे रहे हैं। विधायक निधि से कराया गया कार्य की स्थिति इतनी खराब है कि इंटरलॉकिंग कार्य में कही कही तो गिट्टी और बालू बिछाया ही नहीं गया है सीधे मिट्टी पर इंटरलॉकिंग के ईट को लगा दिया गया है। जो



इंटरलॉकिंग ईट लगाई जा रही हैं वह भी मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण नहीं है लेकिन फिर भी विकास भवन के अधिकारी विधायक निधि से होने वाले कार्यों पर आंख बंद कर बैठे हैं विभाग के अवर अभियंता ने अभी तक ठेकेदार के घटिया निर्माण पर रोक नहीं लगाई है घटिया निर्माण के चलते जल्द ही इंटरलॉकिंग ईंट धंस जाएगी और लोगों को आवागमन में फिर दिक्कत होगी साथ ही इंटरलॉकिंग के किनारे कोई भी कक्के गोट नही बनाएं गए हैं। चायल विधानसभा की विधायक पूजा पाल विधायक निधि के कार्यों को नहीं देख रही है विधायक निधि का संपूर्ण कार्य अवर अभियंता की देख रेख में हो रहा है उसी के ऊपर 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप है जिले के अधिकारी भी विधायक निधि के कार्यों में घटिया निर्माण पर हस्तक्षेप करने को तैयार नहीं है जिससे विधायक निधि से कराए जा रहे कार्य मानक विहीन ठेकेदार कर रहे हैं।

**अफसरो का कहना आदर्श आचार संहिता का हो रहा पालन**

लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी नए निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं जिन पर रोक नहीं लगाई जा रही है जिससे आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ रही है लेकिन उसके बाद भी अफसरों का कहना है कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो रहा है जबकि विधायक निधि से खुलेआम नए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है इसके अलावा भी कई क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद निर्माण कार्य शुरू कराए गए हैं।

# न्यूज झरोखा

## आईजी जोन ने शीतलाधाम कड़ाधाम मेला का लिया जायजा



**कौशांबी।** पुलिस महा निरिक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज प्रेम गौतम द्वारा नवरात्रि के अवसर पर मां शीतलाधाम कड़ाधाम में लगे मेला में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। गौरतलब हो कि कड़ा स्थित मां शीतलाधाम 51 शक्ति पीठों में से एक है। और नवरात्रि के दौरान बडा मेला लगता है जहां बहुत दूर से भक्त उनके दर्शन करने आते हैं। एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में मां शीतला धाम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए लगातर दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

## नगर पालिका भरवारी में मतदाता जागरूकता अभियान को एसडीएम, ईओ, अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**भरवारी कौशाम्बी** लोकसभा चुनाव के महापर्व पर नगर पालिका परिषद भरवारी में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते हुये धूमधाम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई ।मतदाता जागरूकता रैली नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय से रवाना होकर कस्बे के सभी मार्गो पर भ्रमण करते हुए पुनः कार्यालय पर जाकर समाप्त हुई ।इस मतदाता जागरूकता रैली में नगर पालिका के कर्मचारी और वार्डो के सभासद सहित हाथों में मतदान के प्रति जागरूकता वाले स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चलते रहे ।इस दौरान चायल एसडीएम योगेश कुमार गोंड,ईओ राम सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी,लिपिक बबलू गौतम सहित पार्षद मोहम्मद हुसैन सभी वार्डो के सभासद एवम सभासद प्रतिनिधि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में निस्तारित हो शिकायती पत्र : एसपी



**कौशाम्बी।** प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में आम जनमानस के समस्याओं की जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी समस्याओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित थानेदारों को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता पर है और सभी थानेदार फरियादियों की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के अंदर निस्तारित कर फरियादियों की समस्याओं का समाधान करें।

## परेड की सलामी के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस लाइन कौशांबी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदोपरांत निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई तथा गार्ड का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## ससुराल पहुंचे युवक से ससुर साले ने की मारपीट

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अषाढा गांव निवासी शाकिर अली पुत्र जाबिर अली 7 अप्रैल 2024 को हैदराबाद से अपने ससुराल सिरियावा कला थाना चरवा गया हुआ था पीड़ित ससुरालियों से बातचीत कर रहा था तभी साहबजादे पुत्र हियात उल्ला उम्र 48 वर्ष व साला मंसूर हुसैन उम्र 28 वर्ष व मुजफ्फर उम्र 19 वर्ष पुत्र गगण साहब जादे निवासी गांव सिरियावा एक राय होकर गाली गलौज करने लगे पीड़ित ने गाली गलौज का विरोध किया तो उक्त लोगों ने लात घूसो और डंडों से मारपीट कर जख्मी कर दिया पीड़ित ने पूछा कि मुझे क्यों मार रहे हो तो उक्त लोगों ने आक्रोशित होकर धमकी दिया कि अपनी पत्नी अलकमा बानो को तलाक दे दो नहीं तुम्हें व तुम्हारे परिवार वालों को जान से मार डालूंगा पीड़ित वहां से किसी तरह से अपनी जान बचाकर भाग आया और चरवा थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## मणिपुर स्टेट आर्म्स पुलिस के साथ थाना संदीपन घाट पुलिस द्वारा एरिया डोमिनेशन

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना संदीपन घाट पुलिस बल द्वारा मणिपुर स्टेट आर्म्स पुलिस के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

# बालू माफिया ने नोएडा की महिला से लूटे छह करोड

## मो खालिद पाले है बृजेश व दुर्गा जैसे तमाम गुर्गे, महिला को दी जान से मारने की धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के सरधुवा थाना क्षेत्र के धौरहरा बालू घाट संचालक मो खालिद पर दिल्ली की महिला चारू गुप्ता ने छह करोड रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। डीएम-एसपी समेत सीएम को लिखे पत्र में पीडिता ने कहा कि धौरहरा बालू घाट की वह 25 फीसदी की पार्टनर है। घाट संचालक घाट में घाटा लगने का बहाना कर उसे मिट्टी में मिला देने की धमकी देकर भगा दिया है।

मंगलवार को दिल्ली के नोएडा की महिला चारू गुप्ता ने कहा कि वह धौरहरा बालू घाट जय माता दी पैकिंग फर्म के नाम से घाट में 25 फीसदी की हिस्सेदार हैं। घाट संचालक मो खालिद ने उससे छह करोड रुपये लिये हैं। साढे चार करोड रुपये का ड्राफ्ट व डेढ करोड रुपये नकद दिये हैं। पीडित महिला ने अधिकारियों से कहा कि फरवरी 2023 में सीए अखिलेश जैन के साथ मो खालिद से भेंट हुई। बालू फर्म में पैसा लगाने पर उसे प्रतिदिन दस लाख रुपये देने की बात कहकर उसे 25 फीसदी का हिस्सेदार बनाकर छह करोड रुपये लिये। उसने चेक व आनलाइन तथा नकद पैसे दिये थे। पीड़िता ने बताया कि आशीष गिरधर, सचिन गिरधर, राघवेन्द्र दुबे, अमन श्रीवास्तव व मो खालिद समेत वह पार्टनर थी। 2023 में घाट चालू होते ही महिला ने घाट के हिसाब-किताब के बारे में पूंछा तो घाट में घाटा की बात कहकर उसे टरकाते रहे। बारिश बाद बालू घाट शुरु होने पर बालू माफिया मो खालिद ने महिला का फोन उठाना बन्द कर दिया। पीडिता ने चित्रकूट आकर बालू घाट पहुंची। हिसाब-किताब मांगा तो बालू माफिया मो खालिद के गुर्गे बृजेश द्विवेदी व दुर्गा सिंह चैहान ने उससे अभद्रता कर बालू में मिला देने की धमकी दी। पीड़िता ने अधिकारियों समेत सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जांच कराकर कार्यवाही की बात कही।



डीएम की चौखट में गुहार लगाने आये दम्पति।

### ख्वाब दिखाकर लूटे छह करोड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पीडित महिला चारू गुप्ता ने कहा कि बालू माफिया मो खालिद कई लोगों के साथ इस तरह की जालसाजी कर चुका है। वह बृजेश द्विवेदी व दुर्गा सिंह चैहान जैसे तमाम गुर्गे पाले है। ये गुर्गे दबंगई व गुंडागर्दी करने में माहिर हैं। मो खालिद ने मुनाफे के बडे-बडे ख्वाब दिखाये थे। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह को सौंपे पत्र में कहा कि धौरहरा बालू खदान का काम रोक दिया जाये।

# नाबालिग से दुष्कर्म में दस वर्ष की हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने न्यायालय से नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को दस वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया।

मंगलवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने मारकुण्डी थाने में दर्ज दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट आरोपी छोटे यादव उर्फ चन्द्रकमल पुत्र देशराज छेरिहा खुर्द को दस वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 11 अप्रैल 2020 को वादी ने मारकुण्डी थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि छोटे यादव उर्फ चन्द्रकमल ने नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। थाने जाते समय अवरोध किया है। पुलिस ने मामला दर्जकर मुकदमे की विवेचना दरोगा दिनेश कुमार यादव ने की। 20 जून 2020 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# छह घंटे के अन्दर चोर दबोच किया खुलासा, मोबाइल-नकदी बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्या ने छह घंटे के अन्दर चोरी की घटना का खुलासा कर दो चोर दबोचकर चोरी का मोबाइल व नकदी बरामद की।

ज्ञात है कि सोमवार को सवेरे आठ बजे गणेश शर्मा पुत्र बद्री प्रसाद शर्मा सिंचाई कॉलोनी डबरा जिला ग्वालियर मप्र ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि कामतानाथ दर्शन को आया था। रामघाट पर अज्ञात चोरों ने मोबाइल फोन व नकदी चुरा ली है। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा मेवालाल मौर्या चैकी सीतापुर को घटना के खुलासे की जिम्मेदारी दी। दरोगा की टीम ने प्रयास कर मोबाइल की लोकेशन से अपरान्ह डेढ बजे अखिलेश पाल पुत्र रामकेश पाल रुद्रा डेयरी कसहाई रोड व लकी रैकवार पुत्र ननकू वार्ड 32 शंकर बाजार के कब्जे से चोरी का मोबाइल व 490 रुपये समेत गिरफ्तार किया। माल बरामद पर धारायें बढाई। सूचना के छह घंटे के अन्दर चोरी का खुलासा हुआ। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य व सिपाही रविशंकर शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

# भाकपा ने बांदा-चित्रकूट से रामचन्द्र सरस को घोषित किया प्रत्याशी

### असफलताओं से डरी है मोदी सरकार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य, उप्र-मप्र व राजस्थान राज्यों के केन्द्रीय प्रभारी डा गिरीश उप्र राज्य सचिव का अरविन्द राज स्वरूप ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक में उत्साहवर्धन कर बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से का रामचन्द्र सरस को प्रत्याशी घाष्शित किया है।

मंगलवार को पार्टी नेताओं ने कहा कि भाकपा आंदोलनों व अभियानों में भाजपा के नौ वर्षों के शासनकाल में देश के किसानों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, दलितों व आम आदमी की दिक्कतों को उजागर करती रही। आवाम की ज्वलंत समस्याओं से निपटने में सरकार असफल रही है। किसानों को फसलों का समर्थन मूल्य का वायदा करने के बाद नहीं दिया जा रहा। उनकी जरूरत की चीजें महंगी हो चुकी हैं। घाटे में जा रहे किसान आत्महत्या को मजबूर हैं या फिर आंदोलन को। आंदोलनों को भी पुलिस के बल पर कुचला जा रहा है। मजदूर वर्ग के लंबे संघर्ष से हासिल कानूनी अधिकार समाप्त कर दिये हैं। ठेकेदारी प्रथा से अल्प वेतन पर अधिक समय काम करने को मजबूर हैं। बेरोजगारों को दो करोड़ नौकरी देने के वायदे से सरकार मुकर गई है। आज करोड़ों नौजवान दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। पर्चा लीक व अन्य कारण से प्रतियोगी परीक्षायें रद्द हैं। नौजवान गहरे आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न का दंश झेल रहे हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण से आम छात्रों को दुर्लभ हैं। गरीबी-अमीरी की खाई बढ रही है। 40 फीसदी संपत्तियों पर एक फीसदी लोगों का कब्जा है। तमाम असफलताओं से डरी सरकार लोकतंत्र को कुचल कर विपक्ष को तहस-नहस करने पर आमादा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 48 बांदा संसदीय सीट से पार्टी के का रामचन्द्र सरस को प्रत्याशी घोषित किया है। का रामचन्द्र सरस किसान नेता हैं, विद्वान हैं। गरीबों, किसानों व बेरोजगारों के लिए मुखर होकर संघर्ष करते हैं। बैठक में का अरविन्द राज स्वरूप, का अमित यादव, का श्याम सुंदर राजपूत, का रामप्रसाद सिंह, का चन्द्रपाल पाल, का जयकरन प्रजापति आदि मौजूद रहे।



प्रत्याशी घोषित करते भाकपा नेता।

### पेयजल समस्या दूर करने को बने कंट्रोल रूम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या के जल्द समाधान को अधिशासी अभियंता खंड कार्यालय जल निगम ने कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया है। मंगलवार को पेयजल समस्या के जल्द निस्तारण को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित कर मोबाइल नंबर जारी किये हैं। अधिशाषी अभियंता खंड कार्यालय उप्र जल निगम (ग्रामीण) आशीष भारती ने बताया कि अधिशाषी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के निर्देश पर जिला स्तर पर कंट्रोल रूम खोले गये हैं। सहायक अभियंता बिस्मिल्लाह मोबाइल नंबर 7460812903, जूनियर इं नित्यानंद गुप्ता मोबाइल नंबर 8127565036, 9451565036 को नोडल अधिकारी नामित किये हैं। सभी जनता से अपील है कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के जल्द समाधान को जारी मोबाइल नंबर पर 24 घंटे संपर्क कर पेयजल संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## भू-माफियाओं का एक और खेल

# आदिवासियों की कालोनी में लगा दी आग

## औने-पौने दाम में लेखपाल के माध्यम से कर्वी के गिरीश अग्रवाल ने ली जमीन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम दीपनारायण तिवारी ने जिला मुख्यालय के धन्नासेठ गिरीश अग्रवाल व कमलराजन अग्रवाल पुत्रगण अनन्त प्रसाद पर आदिवासी कोलों की जमीन को औने-पौने में लेकर बस्ती में आग लगाकर कोलों को बेदखल करने के मामले में रिपोर्ट दर्जकर सात दिन में न्यायालय में पेश करने के आदेश मारकुण्डी थानाध्यक्ष को दिये हैं। ज्ञात है कि इलाहाबाद रोड के निवासी गिरीश अग्रवाल, कमलराजन अग्रवाल पुत्रगण अनन्त प्रसाद हाल मुकाम कोलगवां सतना मप्र ने भंगरा कोल पुत्र रामदास से रेनू अग्रवाल व मीना अग्रवाल के नाम 28 सितम्बर 2022 को जिलाधिकारी से परमीशन लेकर बैनामा कराया था। ग्राम सभा की इस जमीन पर सरकार ने कालोनी बनाकर शीतल पुत्र गनेशा कोल, मन्ती पत्नी राजा भइया कोल, भैरमदीन पुत्र कल्लू कोल, केशन कोल पुत्र छोटा व धर्मी तथा चुनकउना कोल को दिया था। पूर्व प्रधान इटवा डुडैला गीता देवी ने तीस साल पहले सरकारी कालोनी आवास को दी थी। कालोनी का उद्घाटन पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद ने किया था। कालोनी में हैण्डपम्प भी लगा था। शीतल कोल का लडका मुन्नालाल कोल खजुरिहा कोलान इटवा डुडैला आदि कालोनी उपभोग करते रहे। बिना किसी जांच व पूर्व सूचना के गिरीश अग्रवाल व कमलराजन अग्रवाल ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ रात में हल्का लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता को लेकर 15 फरवरी 2024 को कालोनी में आग लगाकर नष्ट कर दिया।

गिरीश अग्रवाल आदि ने लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता की मदद से रातोंरात कब्जा की जमीन पर पिलर भी खडे कर दिये। ये जमीन भूमाफिया गिरीश अग्रवाल ने औने-पौने दाम पर जितेन्द्र गुप्ता लेखपाल के जरिये खरीदी है। पीडित मुन्नालाल जब गिरीश आदि के पास पहुंचा तो गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। थाना पुलिस जाने पर उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पीडित ने पंजीकृत डाक से पुलिस अधीक्षक को भेजा है। वहां भी रिपोर्ट न लिखने पर उसने अदालत की शरण ली है। विशेष न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने सभी तथ्यों पर गौर करते हुए मामले को संज्ञेय अपराध माना है। उन्होंने थानाध्यक्ष मारकुण्डी को आदेश दिया है कि मामले की रिपोर्ट उचित धाराओं में दर्जकर सात दिन के अन्दर न्यायालय में आख्या पेश करें। इस बारे में ह्यूमन राइट्स लॉ नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि इस मामले की पैरवी उच्च स्तर पर की जायेगी। कोल आदिवासियों को हर हाल में न्याय दिलाने की पहल की जायेगी।

### जर्जर सडक से लोग होते परेशान

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के सरहट गांव मजरा ग्रामीण झरी बाईपास मार्ग वर्षों से टूटा है। गांव में नाली न होने से गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। मंगलवार को मानिकपुर के सरहट बाईपास में पानी जमा होने से लोग परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण व आसपास के लोग गंदे पानी से होकर गुजरते हैं। बाइक सवार गड्ढों में गिरकर घायल होते हैं। साफ-सफाई न होने से गांव में गंदगी पसरी है। गांव में संक्रामक बीमारियां फैलने के आसार हैं। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की है। अभी तक समस्या का निस्तारण नहीं हो सका।

# पत्नी हंता को हुआ आजीवन कारावास

## सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 11 माह पहले कुल्हाड़ी से गला काटकर पत्नी की हत्या के मामले में दोषसिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने पत्नी हंता पति को आजीवन कारावास की सजा समेत दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। मंगलवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाने के शेषा सुबकरा गांव में 11 माह पहले हुई घटना में राजापुर थाने के रगौली गांव के विफई निषाद ने पांच मई 2023 को रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस को दी तहरीर में वादी ने कहा था कि पांच मई 2023 को सवेरे चार बजे पता चला कि बेटी श्यामवती को शेषा सुबकरा के दामाद लालचंद्र ने जान से मार दिया है। हत्यारोपी ने श्यामपति की गर्दन में कुल्हाड़ी से कई वार किये। उसे मौत के घाट उतारने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर अभियोजन पक्ष ने कम समय में प्रभावी पैरवी की थी। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को दोषसिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा व दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। आरोपी को सजा भुगतने को जिला कारागार भेजा गया है।

# नवरात्र पर्व पर देवी मन्दिरों में जुटने लगी भीड

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** श्रद्धा एवं भक्ति के पर्व चैत्र नवरात्र में धार्मिक अनुष्ठानों में भजन-कीर्तन समेत भंडारे होना शुरु हो गये हैं। कस्बे के प्रसिद्ध मां आनंदी देवी मंदिर समेत टिकरा टोला स्थित देवी मां मंदिर में महिलाओं व पुरुषों की सवेरे से लंबी कतारें लगती हैं।

मंगलवार को नवरात्र पर्व शुरु होते ही महिलाओं व बच्चों में उत्साह है। मंदिरों में महिलाओं का झुंड सवेरे चार बजे से ही मां के दरबार में माथा टेकना शुरू हो जाता है। श्रद्धालुओं की भीड़ सवेरे से मां आंनदी देवी का पूजन भक्तिभाव से करते हैं। क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थानीय देवी मंदिरों में भक्तजन पूजन-अर्चन करते हैं। पूरा कस्बा मां दुर्गा की आराधना में लीन है। सुरक्षा के मद्देनजर मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय, कस्बा इंचार्ज इंद्रजीत गौतम सुरक्षा व्यवस्था बनाये हैं। आनंदी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो, पुलिस की चाक-चैबंद व्यवस्था है। कुल मिलाकर नवरात्र पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।



मां आनन्दी देवी मन्दिर।

# दो किलो गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा परशुराम यादव ने रामकृष्ण पुत्र बिन्दा प्रसाद सोनी बांकी थाना भरुआ सुमेरपुर जिला हमीरपुर को दो किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। पहाड़ी थाने में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा परशुराम यादव, सिपाही हरीशरण व सचिन यादव शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में गांजा कारोबारी।

# अधर में लटका दहिनी का सचिवालय निर्माण, मानक विहीन बनी बाउंड्रीवॉल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के गांवों को सुविधा युक्त बनाने को सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। प्रत्येक गांव में सचिवालय/पंचायत भवन बनवा रही है। प्रधान-सचिव व जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से सचिवालयों/ पंचायत भवनों का निर्माण अधूरा है।

मंगलवार को कर्वी ब्लाक के दहिनी गांव में नवीन सचिवालय/पंचायत भवन के निर्माण का खुलासा हुआ। बताया गया कि पिछली प्रधानी में शुरू हुआ कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका। सचिवालय निर्माण कार्य मानक विहीन हुआ है। सचिवालय बाउंड्रीवॉल निर्माण में धांधली की है। बाउंड्रीवॉल अभी से ध्वस्त होने लगी है। गांव में पेयजल के नाम पर सरकारी धन की लूट हुई है। प्रधान ने हैंडपंप मरम्मत सामग्री नाम पर लाखों रुपए के भुगतान किये हैं। गांव के टैंकर की हालत खस्ता है। प्रधान- सचिव की लापरवाही से टैंकर भैसौंधा गांव में जर्जर हालत में खड़ा है। दहिनी में विकास कार्यों में धांधली की गई है। निर्माण कार्यों में मनमानी कर सरकारी धन का बंदरबांट हुआ है। गांव में मनरेगा से कराये कार्यों में लूट की गई है। 15वें वित्त आयोग धनराशि से फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन की लूट हुई है। मजे की बात ये है लाखों खर्च के बाद भी सचिवालय निर्माण अधर में है।

## हादसा आरोपी को दो हजार जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी को दो हजार रुपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया है। मंगलवार को अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते सिविल जज सीडि सुश्री सोनम गुप्ता ने कोतवाली कर्वी में दर्ज हादसे के आरोपी छोटेलाल पुत्र रामआसरे मुरवल थाना बबेरू जिला बांदा को दो हजार रूपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

# एनडीपीएस एक्ट आरोपी को हुई दस माह की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार वेदान्त पाण्डेय ने न्यायालय से एनडीपीएस एक्ट आरोपी को दस माह की सजा व पांच हजार रूपये के जुर्माना से दंडित कराया। मंगलवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने कोतवाली कर्वी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट आरोपी बच्चा पुत्र ननका नई दुनिया कसहाई शंकर बाजार को दस माह की सजा व पांच हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 11 अक्टूबर 2022 को कोतवाली कर्वी में तैनात दरोगा रामाश्रय प्रसाद ने बच्चा को एक किलो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया था। इस बाबत कर्वी कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट दर्जकर दरोगा विनय विक्रम सिंह ने विवेचना कर 30 अक्टूबर 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## दरोगा ने फर्जी फंसाने की धमकी देकर लिखवाया सहमति पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के बनाडी गांव के मुन्ना पुत्र फूलचन्द्र ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि जिला अस्पताल चैकी प्रभारी मुन्नीलाल ने डरा-धमका कर सहमति पत्र लिखवा लिया है। मंगलवार को बनाडी गांव के मुन्ना पुत्र फूलचन्द्र ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसकी 80 वर्षीय वृद्ध मां रमदुलिया को धोखा देकर बिना रुपये दिये जमीन का बैनामा नथिया देवी ने करा लिया था। इसका मामला न्यायालय में चल रहा है। नथिया देवी का पुत्र भास्कर व चैकी इंचार्ज मुन्नीलाल तथा एक होमगार्ड के सहयोग से मां रमदुलिया व भाई लालदास को घर से जबरियां गाली-गलौज कर फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देकर सात अप्रैल 2024 को अपरान्ह दो बजे जिला अस्पताल पुलिस चैकी ले गये। चैकी इंचार्ज मुन्नीलाल ने गाली-गलौज कर फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देकर सहमति पत्र लिखवा लिया। भास्कर व आकाश सिंह ने तीनों के हस्ताक्षर व अंगूठा निशान लिये हैं, ताकि वे उसे मुकदमे में फंसा सकें। पीडित की मां ने भास्कर व आकाश सिंह के खिलाफ आपराधिक मामला दायर किया है, जो चल रहा है। पीडित ने दरोगा मुन्नीलाल के खिलाफ मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ सुरिंदर चावला ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** चौतरफा मुश्किलों से घिरी भुगतान कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरिंदर चावला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चावला ने निजी कारणों से अपना इस्तीफा दिया है। वे 26 जून को पीपीबीएल से मुक्त हो जाएंगे। वन97 कम्युनिकेशंस ने मंगलवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में शेयर बाजार को सुरिंदर चावला के इस्तीफे की जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि पीपीबीएल के एमडी और सीईओ सुरिंदर चावला ने व्यक्तिगत कारणों और बेहतर करियर की संभावनाएं तलाशने के लिए आठ अप्रैल, 2024 को अपना इस्तीफा दिया है। उन्हें 26 जून, 2024 को कामकाजी घंटों के बाद पीपीबीएल से मुक्त कर दिया जाएगा, बशर्ते आपसी सहमति से कोई बदलाव न हो।

पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के मुताबिक चावला पिछले साल जनवरी में ही पीपीबीएल से जुड़े थे, लेकिन उनके कार्यकाल में पीपीबीएल नियामकीय मानकों का बार-बार उल्लंघन करने की वजह से हाल में आरबीआई के सख्त निदेशों की जद में आ गई। गौरतलब है कि चावला ने ऐसे वक्त में इस्तीफा दिया है, जब पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड बैंकिंग नियामक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सख्त निषेधात्मक कार्रवाई का सामना कर रही है।

# यूक्रेन में रूसी हवाई हमलों में चार की मौत

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिण और उत्तर में रूसी मिसाइल और टारगेटेड बम हमलों में चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा सोमवार को इसकी जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि दक्षिणी शहर जापोरिज़िया में एक मिसाइल हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम आठ अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि एक औद्योगिक इमारत, सात अपार्टमेंट ब्लॉक, साथ ही चिकित्सा और शैक्षणिक सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने औद्योगिक स्थल की अलग से जानकारी नहीं दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी सुमी क्षेत्र के बिलोपिलिया शहर में चार निर्देशित बम गिरे थे। क्षेत्रीय प्रशासन ने कहा कि हमले में एक महिला की मौत हो गई और कम से कम तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिससे दुकानें और नगर परिषद की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई।

जापोरिज़िया में यूक्रेनी सरकार के कब्जे वाले जगहों से जारी की गई तस्वीरों में एक यात्री कार को मलबे के नीचे दबी हुई और कंक्रीट और लोहे के खंभे ढहते हुए दिखाई दे रहे हैं। पिछले शुक्रवार को शहर के एक अन्य औद्योगिक स्थल पर भी रूसी मिसाइल हमला हुआ था, जिससे आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और चार लोगों की मौत हो गई।

रूसी सैनिक शहर के दक्षिण-पश्चिम में निप्रो नदी के पास स्थित जापोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र को नियंत्रित करते हैं, और उन्होंने यूक्रेन पर पिछले सप्ताह से ड्रोन हमलों के साथ संयंत्र पर हमला करने का आरोप लगाया है। कीव ने कहा कि रूस द्वारा रिपोर्ट की गई पावर स्टेशन की घटनाओं से उसका कोई लेना-देना नहीं है, जिसे उसने "सशस्त्र उकसावे की कार्रवाई बताया है।

# चीनी राष्ट्रपति ने वियतनामी नेशनल असेंबली के अध्यक्ष से मुलाकात की



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सोमवार को राजधानी पेइचिंग में स्थित जन बृहद भवन में वियतनाम की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष वुओंग दिन्ह ह्यु से मुलाकात की। मुलाकात में शी ने वुओंग से महासचिव न्गुयेन फुट्रोंग को अपना सौहार्दपूर्ण अभिवादन व्यक्त करने के लिए कहा। उनका कहना है कि गत वर्ष के अंत में उन्होंने वियतनाम की यात्रा के दौरान महासचिव न्गुयेन फुट्रोंग के साथ संयुक्त रूप से रणनीतिक महत्व वाले चीन-वियतनाम साझा भविष्य समुदाय की स्थापना की घोषणा की, जिससे चीन-वियतनाम संबंधों में एक नया अध्याय खुल गया है। दोनों पक्षों के संयुक्त प्रयासों से, महासचिव न्गुयेन फुट्रोंग और उनके बीच बनी सहमति को लागू किया जा रहा है।

शी चिनफिंग ने बल देते हुए कहा कि वर्तमान में, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्थिति गहन और जटिल परिवर्तनों से गुजर रही है, समाजवादी व्यवस्था की रक्षा करना, राष्ट्रीय स्थिरता और विकास की रक्षा करना चीन और वियतनाम का साझा हित है।

चीन वियतनाम के साथ मिलकर पार्टी और राज्य के शासन में अनुभव के आदान-प्रदान को मजबूत करना चाहता है, चीन-वियतनाम द्विपक्षीय सहयोग संचालन समिति की समन्वय भूमिका को अच्छी तरह से निभाते हुए "बेल्ट एंड रोड" पहल के संयुक्त निर्माण और "दो आर्थिक गलियारे और एक आर्थिक वृत्त" के रणनीतिक जुड़ाव में तेजी लाने के लिए तैयार है।

साथ ही, दोनों देशों के बीच युवाओं और सहयोगी शहरों के बीच आदान-प्रदान को समृद्ध करने का इच्छुक है। मुलाकात में, वुओंग दिन्ह ह्यु ने महासचिव न्गुयेन फुट्रोंग की ओर से राष्ट्रपति शी चिनफिंग को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि इस वर्ष मार्च महीने में आयोजित चीन के दो सत्रों ने नई गुणवत्ता वाली उत्पादक शक्तियों के विकास जैसे लक्ष्य निर्धारित किए, जो समाजवाद का एक अभिनव कदम है और वियतनाम के लिए एक उपयोगी संदर्भ प्रदान करता है।

वुओंग दिन्ह ह्यु ने यह भी कहा कि वियतनाम दृढ़ता से एक-चीन नीति का पालन करता है और मानता है कि थाईवान चीन की प्रादेशिक भूमि का एक अविभाज्य हिस्सा है। वियतनाम "थाईवान स्वतंत्रता" अलगाववादी गतिविधियों के किसी भी रूप का दृढ़ता से विरोध करता है और मानता है कि हांगकांग, शिनच्यांग और तिब्बत मामले भी चीन के आंतरिक मामले हैं।

# पाकिस्तान में पत्नी को चरित्रहीन बताने वाले को 80 कोड़े की सजा



**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पूर्व पत्नी पर चरित्रहीन होने का झूठा आरोप लगाने और उससे जन्म लेने वाली बेटी का पिता होने से इनकार करने वाले व्यक्ति को कराची सत्र न्यायालय ने 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई है। महिला की वकील सायरा बानो ने कहा कि कई दशक बाद पहली बार ऐसी सजा सुनाई गई है।

जियाउल हक के शासनकाल के बाद पाकिस्तान में ऐसी सजा नहीं सुनाई गई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मलीर शहनाज बोहयो ने आरोपित फरीद कादिर को सजा सुनाई। यह फैसला कजफ अपराध (हद का प्रवर्तन) अध्यादेश 1979 की धारा सात (एक) के तहत सुनाया गया। इस धारा में कहा गया है 'जो कोई भी कजफ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी।'

अपील कोर्ट से दोषी और सजा की पुष्टि के बाद सत्र अदालत कोड़े मारने के लिए समय और स्थान निर्धारित करेगी। सजा भुगतने के लिए निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होने की सहमति देने के बाद फरीद जमानत पर रह सकता है। उसे एक लाख रुपये पाकिस्तानी का जमानती बांड सौंपने को कहा गया है।

# मिस्र, जॉर्डन व फ्रांस ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का किया आग्रह



**काहिरा।** मिस्र, जॉर्डन और फ्रांस ने गाजा पट्टी में तत्काल युद्धविराम का आग्रह किया है, जहां छह महीने से इजराइली बमबारी जारी है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि सोमवार को एक संयुक्त बयान में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी, जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2728 को तत्काल और बिना शर्त लागू करने का आह्वान किया। इसमें गाजा में तत्काल युद्धविराम की बात कही गई है।

नेताओं ने कहा,"हम राफा पर इजराइली हमले के खतरनाक परिणामों के खिलाफ चेतावनी देते हैं, जहां 1.5 मिलियन से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी है। इस तरह के हमले से केवल और अधिक मौतें और पीड़ा होगी। इससे क्षेत्रीय तनाव बढ़ने का भी खतरा है।"

नेताओं ने इजराइल से फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का भी आग्रह किया।

उन्होंने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई की मांग की और युद्धविराम, बंधकों व बंदियों के मुद्दों से निपटने के लिए मिस्र, कतर और संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में हो रही वार्ता का समर्थन किया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी सूचना के मुताबिक इजराइली हमले में गाजा में अब तक 33,207 फिलिस्तीनी मारे गए और 75,933 लोग घायल हुए हैं।

# नेतन्याहू ने लिया गाजा के रफह में आक्रमण तेज करने का संकल्प

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिणी गाजा के रफह शहर में हमला तेज करने का संकल्प लिया है। नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल को रफह में जमीनी बलों को भेजना चाहिए क्योंकि यह गाजा में हमास का आखिरी गढ़ है। इससे गाजापट्टी से यहां शरण लिए हुए तकरीबन 14 लाख नागरिकों की जान खतरे में पड़ जाएगी। हालांकि अमेरिका समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस अभियान का विरोध करते हुए कहा कि वहां लोग शरण लिए हुए हैं। इजराइल कहता रहा है कि उसके पास नागरिकों की रक्षा की योजना है। नेतन्याहू ने सोमवार को एक वीडियो में कहा कि जीत के लिए रफह का अभियान आवश्यक है। उन्होंने ज्यादा जानकारी दिए बगैर कहा कि यह एक निश्चित तारीख पर होगा। उनका यह बयान तब आया है जब इजराइली वार्ता कार काहिरा में हमास के साथ संघर्ष विराम समझौते के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों पर चर्चा कर रहे हैं।

वहीं गाजा पट्टी के दूसरे बड़े शहर खान यूनिस से इजराइली सैनिक वापस हो गए हैं और मूल निवासी फलस्तीनियों का वहां पहुंचना शुरू हो गया है लेकिन खंडहर में तब्दील इस शहर में पहले वाली रौनक आने में शायद वर्षों का समय लगेगा। इस बीच इजराइल के रक्षा मंत्री योएव गैलेंट ने कहा है कि रफह में कार्रवाई के लिए जल्द ही वहां पर सेना की नई टुकड़ियां तैनात की जाएंगी।

मिस्त्र की सीमा के करीब स्थित रफह में करीब 14 लाख बेघर फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। बीते छह महीने की बमबारी और गोलाबारी में खान यूनिस की ज्यादातर इमारतें ध्वस्त या बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। स्कूल, अस्पताल, शॉपिंग काम्प्लेक्स और अन्य सार्वजनिक भवनों का भी यही हाल है। सुरंगों की तलाश में इजरायली सेना ने तमाम स्थानों पर खोदाई की है। खोदाई वाले स्थानों में सड़कें और कई भवन शामिल हैं। इस खोदाई और टैंकों के गुजरने से ज्यादातर सड़कें भी बर्बाद हो गई हैं।

इस बीच काहिरा में युद्धविराम के संबंध में चल रही वार्ता में कोई विशेष प्रगति होने के संकेत नहीं हैं। इजराइल जहां सभी बंधकों की रिहाई की शर्त पर डटा हुआ है वहीं हमास स्थायी युद्धविराम की शर्त पर कायम है। छह महीने से जारी युद्ध में सोमवार को पहली बार राहत सामग्री लेकर 300 से ज्यादा ट्रक गाजा पहुंचे। ऐसा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से टेलीफोन पर तल्ख वार्ता के बाद संभव हुआ है। दोनों नेताओं की यह वार्ता एक अप्रैल को गाजा में इजराइली हमले में सात राहत कर्मियों के मारे जाने के बाद हुई थी।

# नेपाल के गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग पर आरपीपी कार्यकताओं का काठमांडू में प्रदर्शन

**काठमांडू।** उपप्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री रवि लामिछाने के इस्तीफे की मांग करते हुए राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के कार्यकताओं और समर्थकों ने मंगलवार को सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया है। निषेधित क्षेत्र में जबरन प्रवेश करने के बाद पुलिस को लाठी चार्ज और हवाई फायरिंग करनी पड़ी।प्रदर्शन के दौरान झड़प में एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों के घायल होने की खबर है। पांच पुलिस वालों को भी गम्भीर चोटें आई हैं।

सहकारी घोटाले में फंसे गृह मंत्री रवि लामिछाने सहित उनकी पार्टी के कई नेताओं पर लगातार आरोप लगने के बाद राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) ने आज विरोध प्रदर्शन किया है। राप्रपा के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कार्यकताओं और समर्थकों के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस के साथ कई स्थानों से झड़प की भी खबर है। पुलिस और राप्रपा के कार्यकताओं के बीच झड़प के कारण आज पूरे दिन काठमांडू की सड़कें अस्त-व्यस्त रही और मुख्य हिस्सों में जाम लगा रहा।

काठमांडू मेट्रो पुलिस के प्रमुख एआईजी दीपक थापा ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान झड़प में एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनकारियों के घायल होने की खबर है। उन्होंने बताया कि कम से कम पांच पुलिस वालों को भी गम्भीर चोटें आई हैं। एआईजी थापा के मुताबिक निषेधित क्षेत्र में जबरन प्रवेश करने के बाद पुलिस को लाठी चार्ज और हवाई फायरिंग करनी पड़ी। काठमांडू के माईतीघर मण्डला, नयां बानेश्वर, रत्नपार्क, सुन्धारा जैसे इलाकों में ट्रैफिक बंद रखना पड़ा है।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राप्रपा के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन ने कहा है कि गृह मंत्री के इस्तीफा नहीं देने तक उनकी पार्टी का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। लिंग्देन ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस देश के गृह मंत्री पर ही घोटाला और भ्रष्टाचार करने का आरोप लगा हो और उनकी इन घोटाला में संलग्नता के पुख्ता प्रमाण मौजूद हों, ऐसे में निष्पक्ष जांच की उम्मीद रखना बेकार है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ रवि लामिछाने ही नहीं, बल्कि उनकी पूरी पार्टी ही सहकारी घोटाले में शामिल है।

# गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध के समर्थन से ट्रंप का इनकार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध के मुद्दे पर समर्थन करने से इनकार करते हुए कहा कि इसका निर्णय राज्यों पर छोड़ा जाना चाहिए। ट्रंप ने सोमवार को एक वीडियो जारी कर गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध के समर्थन नहीं देने के अपने रुख स्पष्ट किया।

ट्रंप ने अपनी ह्यट्रुथ सोशलह्ल वेबसाइट पर पोस्ट वीडियो में कहा, कई लोगों ने मुझसे पूछा है कि गर्भपात और गर्भपात अधिकारों पर मेरा रुख क्या है। मेरा मानना है कि हर कोई कानूनी दृष्टिकोण से गर्भपात चाहता है, राज्य वोट या कानून या संभवतः दोनों के जरिए इसका पता लगाएंगे। उन्होंने वीडियो में यह नहीं बताया कि वह कितने सप्ताह की गर्भावस्था में गर्भपात पर रोक लगाने के पक्ष में हैं। उन्होंने गर्भपात पर राष्ट्रीय प्रतिबंध का समर्थन करने से इनकार किया।

ट्रंप ने वीडियो में एक बार फिर ह्यरो बनाम वेडह्ल फैसला पलटने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के लिए श्रेय लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह गर्भपात कराने के संवैधानिक अधिकार को खत्म करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति हैं। बहरहाल, उन्होंने तीन अपवादों झ्र बलात्कार, अनाचार और मां की जान खतरे में होने पर गर्भपात कराने का समर्थन किया।

# चीन ने विदेशी मुद्रा व्यापार प्रबंधन को अनुकूलित करने के लिए नए उपाय शुरू किए




**बीजिंग।** चीनी विदेशी मुद्रा प्रबंध ब्यूरो ने एक नोटिस जारी किया, जिसमें विदेशी मुद्रा व्यापार प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने के लिए 6 नीतिगत उपाय लॉन्च किए गए ताकि सीमा पार व्यापार सुविधा को और बढ़ावा दिया जा सके और वास्तविक अर्थव्यवस्था की सेवा की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जा सके।

नोटिस के विषय के मुताबिक, इन छह नीतिगत उपायों में मुख्य रूप से तीन पहलू शामिल हैंः पहला, विदेशी व्यापार उद्यम सूचियों के पंजीकरण और प्रबंधन का अनुकूलन करना। दूसरा, उद्यमों द्वारा सीमा पार व्यापार के लिए विदेशी मुद्रा प्राप्तियों और भुगतान के निपटान की सुविधा प्रदान करना। तीसरा, माल के व्यापार के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमों को साफ करना और एकीकृत करना।

उदाहरण के लिए "व्यापार विदेशी मुद्रा प्राप्तियों और भुगतान की उद्यम सूची" की प्रसंस्करण विधि को विदेशी मुद्रा प्रबंध ब्यूरो द्वारा अनुमोदन के बजाय बैंकों द्वारा सीधे नियंत्रित करने के लिए समायोजित किया जाएगा। विशेष सीमा शुल्क पर्यवेक्षण क्षेत्रों में उद्यमों की व्यापार प्राप्तियों और भुगतान की प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाएगा। माल आदि के व्यापार के लिए विशेष धनवापसी विनिमय को संभालने के लिए बैंकों के अधिकार में ढील दी जाएगी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# मैक्सिको में सबसे पहले दिखा सूर्यग्रहण, 4 मिनट 11 सेकंड के लिए छा गया अंधेरा

**मैक्सिको सिटी।** इस साल के पहले पूर्ण सूर्यग्रहण को दुनिया में सबसे पहले मैक्सिको के मजैटाइन शहर में देखा गया। मैक्सिको के स्थानीय समय के अनुसार, सुबह 11:07 बजे पूर्ण सूर्यग्रहण का नजारा दिखा। इस कारण मैक्सिको का प्रशांत तट पूरी तरह से अंधेरे के आगोश में समा गया। दिन में रात जैसे मंजर का अहसास हुआ।

यह सूर्यग्रहण भारत को छोड़कर मैक्सिको, उत्तरी अमेरिका, कनाडा, जमैका, आयरलैंड, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र, क्यूबा, डोमिनिका, कोस्टा रिका, पश्चिमी यूरोप, फ्रेंच पोलिनेशिया, पेसिफिक, अटलांटिक और आर्कटिक में भी दिखा। भारतीय समयानुसार, यह आठ अप्रैल को रात 9 बजकर 12 मिनट पर शुरू हुआ और इसका समापन 09 अप्रैल को तड़के 2 बजकर 22 मिनट पर हुआ। इसकी कुल अवधि 5 घंटे 10 मिनट रही। इस दौरान 4 मिनट 11 सेकंड के लिए आसमान में अंधेरा छा गया।

इस लौकिक क्षण को देखने के लिए उत्तरी अमेरिका में जगह-जगह लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने प्रकाश को कुछ क्षण के लिए डूबते देखा। साथ ही इसके बाद एक चमकदार अंगूठी के रूप में प्रकाश के पुनर्जन्म के साक्षी बने। कार्लटन विश्वविद्यालय के हनिका रिजो ने कहा है कि यह



पूर्ण सूर्य ग्रहण ब्रह्मांड में हमारे स्थान को प्रतिबिंबित करने का विशेष क्षण रहा। वैज्ञानिक लंबे समय से सूर्य के जन्म और सौर मंडल के गठन से जुड़े चमत्कारों का अध्ययन कर रहे हैं। रिजो के अनुसार, मैग्मा महासागर के जमने का समय निर्धारित करने का प्रयास करने वाले अध्ययन सूर्य के जन्म के बाद 10 से 15 करोड़ वर्ष के बीच की आयु प्रदान करते हैं।